जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 48 संख्याः 184 प्रभात कोटा, बुधवार 19 अप्रेल, 2023 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## शरद पवार केवल खेल खिला रहे हैं भाजपा को, या गठबंधन की बात में दम है?

### एक खबर तो यह है कि, अजित पवार, अमित शाह से मिले तथा प्रस्ताव दिया कि, वे शरद पवार की पार्टी का विभाजन करा कर भाजपा से गठबंधन कर महाराष्ट्र का मु.मंत्री बनना चाहते हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- लगता है, इस बातचीत को शरद पवार का आशीर्वाद प्राप्त है, क्योंकि अमित शाह से मुलाकात के समय अजीत पवार के साथ प्रफुल्ल पटेल भी थे तथा यह सर्व विदित है शरद पवार की इजाज़त बिना प्रफुल्ल पटेल, अपनी ऊंगली भी नहीं हिलाते।
- पर, समानान्तर चर्चा यह भी है कि, शरद पवार, उद्धव ठाकरे व कांग्रेस से सौदेबाजी कर रहे हैं, गठबंधन की सीटों में ज्यादा सीटें पाने के लिये।
- जैसा कि विदित ही है, सर्वे के अनुसार सेना-एन.सी.पी.-कांग्रेस गठबंधन को महाराष्ट्र की कुल 48 सीटों में तैंतीस सीटें मिलने की आशा है।
- पर, पवार भाजपा को लोकसभा चुनाव तक लटका कर रखना चाहते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि, चुनाव के बाद भाजपा को अन्य पार्टियों की मदद की आवश्यकता होगी, सरकार बनाने के लिये और पवार अपनी कीमत वसूल कर अपनी मदद का ऑफर दे सकते हैं। वैसे भी ई.डी., सी.बी.आई. से साथियों व मित्रों को भी बचाना चाहते हैं, पवार और इसमें भाजपा की आवश्कता होगी।

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। मराठा दिग्गज एवं नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) नेता शरद पवार क्या भाजपा के साथ खेल खेल रहे हैं या भाजपा के साथ गठजोड़ करने की यह वास्तव में कोई गंभीर चाल है?

ऐसी खबरें आती रही हैं कि अजित पवार भाजपा नेतृत्व के सम्पर्क में हैं और बातया जाता है कि उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर काम करने और महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के एक ऑफर के साथ अमित शाह से मुलाकात की है। बताया जाता है कि प्रफुल्ल पटेल भी उनके साथ गए थे। याद रहे कि प्रफुल्ल पटेल शरद पवार की अनुमति के बिना अंगुली भी नहीं हिलाते हैं।

सूत्र कहते हैं कि शरद पवार भाजपा के साथ खेल खेल रहे हैं और इसके साथ ही वे लोकसभा सीटों का एक बड़ा शेयर प्राप्त करने के मद्देनज़र भाजपा के साथ अपने तालमेल की धमकी देकर उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के साथ सौदेबाजी भी कर रहे हैं।

चूंकि उद्धव ठाकरे को अपनी सरकार के पतन के बाद जनता की सिम्पैथी प्राप्त हुई है, अतः भाजपा द्वारा कराए गए एक आंतरिक सर्वे में महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटों में से सेना-एन.सी.पी.-कांग्रेस गठबंधन को 33 से अधिक सीटें दी गई हैं।

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का खेल खत्म हो गया है। या तो अदालत के फैसले के जरिये या फिर केन्द्र द्वारा राज्य सरकार बर्खास्त की जा सकती है, जैसा कुछ लोगों का कहना है।

ऐसी संभावना है कि शरद पवार भाजपा को लोकसभा चुनावों के बाद तक लटकाये रखें। पवार का आंकलन है कि भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा तथा उस स्थिति में से सरकार बनाने के लिये सहयोगी दलों की जरूरत होगी।

पवार की योजना है कि उस समय सरकार में शामिल हो जायें तथा बड़ी कार्यवाही करने में भाजपा की मदद करें।

इस बीच, पवार के सहयोगियों के खिलाफ सी.बी.आई., ई.डी. तथा कुछ अन्य केस हैं तथा उन्हें फिक्सिंग की जरूरत है। शरद पवार के कुछ व्यावसायिक-पार्टनर भी जेलों में हैं।

परम चतुर पवार भाजपा के साथ अपने स्तर पर एक खेल खेल रहे हैं तथा यह खेल चुनावों के नज़दीक आते-आते और ज्यादा रोचक हो जायेगा।




## अधिसूचना के बिना ही जस्टिस सबीना रिटायर

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- हिमाचल हाई कोर्ट की कार्यवाहक चीफ जस्टिस सबीना 19 अप्रैल को रिटायर हो रही हैं, पर सरकार से इसकी अधिसूचना नहीं आई है, हालांकि उनकी जगह नए कार्यवाहक चीफ जस्टिस के पद पर तरलोक सिंह चौहान की नियुक्ति कर दी गई है।

नई दिल्ली, 18 अप्रेल। जस्टिस सबीना हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस के रूप में 19 अप्रेल को पद त्याग रही हैं। हालांकि केन्द्र सरकार से इसकी अधिसूचना नहीं आई है। जस्टिस सबीना को सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की सिफारिश पर हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त कर दिया गया था, लेकिन उनकी यह नियुक्ति तब खटाई में पड़ गई, जब इसी हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के ठीक नीचे के क्रम के जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को आगामी 20 अप्रेल हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त कर दिया गया।

यह जानकारी केन्द्रीय विधि मंत्री किरण रिजिजू के एक ट्वीट से प्राप्त की गई है। जस्टिस सबीना 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर बुधवार शाम को अपना पद त्याग रही हैं। हाई कोर्ट जजों की सेवानिवृति आयु 62 वर्ष नियत है।

## 'मंत्री चोटी से पांव के अंगूठे तक भ्रष्टाचार में डूबे'

### कांग्रेस विधायक रामनारायण मीणा ने यह भी कहा कि, इनको नहीं हटाना मुख्यमंत्री की कमजोरी या मजबूरी, लेकिन यह हमारे लिए माइनस पॉइंट

- विधायक मीणा ने कहा, "कुछ मंत्री पावर का दुरूपयोग कर भाजपा को वोट दिलाते हैं।"
- हरीश चौधरी ने कहा, भाजपा शासन में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा था, चेहरे का फैसला आलाकमान करेगा।
- पायलट का दौरा और राजेन्द्र गुढ़ा का बयान भी छाया रहा, संवाद के दूसरे दिन।

जयपुर, 18 अप्रेल (का.प्र.)। कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में दूसरे दिन भी भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया रहा। कोटा से पीपल्दा से पार्टी के वरिष्ठ विधायक रामनारायण मीणा ने तो सीधे-सीधे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रिमंडल पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि जनता कांग्रेस को वोट देना चाहती है, लेकिन सरकार के मंत्री एड़ी से चोटी तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं। कांग्रेस की जीत के आड़े आएगी। मीणा ने यह भी कहा कि आखिरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की क्या मजबूरी है कि वह इन्हें नहीं हटा रहे। वहीं बापतु से पार्टी विधायक हरीश चौधरी ने भाजपा शासन के दौरान हुए भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि उस दौरान भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा था। ऐसा कहकर हरीश चौधरी ने अप्रत्यक्ष रूप से सचिन पायलट की बात का समर्थन कर दिया है।

संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन फीडबैक देने आए कांग्रेस विधायक रामनारायण मीणा ने अपनी ही सरकार के मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा दिए। मीणा ने किसी मंत्री का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उन्होंने कहा कि राजस्थान के मतदाता कांग्रेस को जिताने के मूड में हैं, बशर्ते हम जनता की भावना का आदर करें। उन्होंने मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि यह बात सही है कि करप्शन में कुछ मंत्री बहुत आगे बढ़ चुके हैं। अब यह मुख्यमंत्री की कमजोरी है या मजबूरी है कि वह ऐसे मंत्रियों को हटा नहीं पा रहे हैं, लेकिन यह बात हमारे लिए माइनस पॉइंट है।

विधायक मीणा ने कहा कि कुछ मंत्री तो अपने पावर का दुरुपयोग कर भाजपा का साथ देते हैं और वोट भी भाजपा को दिलाते हैं। ऐसे लोग के कांग्रेस में आगे बढ़ने से हम कमजोर हैं। भ्रष्टाचार करने वाले मंत्री पैसा कमा रहे हैं और हो सकता है कि पैसे के आधार पर जीत जाएं। हालांकि, उन्होंने साफ कहा कि परिवार में बैठते हैं तो सब तरीके की बातें होती हैं, लेकिन आज फीडबैक में खुलकर बोलने का समय नहीं था।

संवाद कार्यक्रम में सचिन पायलट के कल के दौरे और बयानों का भी असर देखने को मिला है। दरअसल जो बात कंट्रोल रूम से बाहर आई ,उसके मुताबिक पायलट के खेतड़ी दौरे की चर्चा वॉर रूम तक पहुंच गई है। एक विधायक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि दरअसल वॉर रूम में पार्टी के भीतर चल रहे घमासान की भी चर्चा सुनाई दी। बताया जा रहा है कि वॉर रूम में फीडबैक ले रहे नेताओं के पास कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की कटिंग और ऐसे दस्तावेज देखे गए, जिनमें खेतड़ी में सोमवार को हुए पार्टी नेताओं के भाषण और बयानों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के साथ ही पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बयानों की भी चर्चा है। फीडबैक से लौटे नेताओं का कहना है की पार्टी नेताओं में फौरी तौर पर इसकी चर्चा है, लेकिन कितनी गहन चर्चा हुई और आगे क्या रिपोर्ट तैयार होगी, इस बारे में वह भी दावे से कुछ भी नहीं कह सकते।

सोमवार को जहां मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने आलाकमान को सचिन पायलट पर कार्यवाही करने पर छठी का दूध याद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। –हरिवंश राय बच्चन

# जलवायु परिवर्तन के खतरनाक परिणाम सामने आने लगे हैं

बीता 2022 का साल एक असाधारण वर्ष था। लगभग आधी सदी बाद पहली बार चांद पर कोई यान फिर उतारा गया। वैज्ञानिकों ने 'जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप' के जरिये ब्रह्मांड में पहले से कहीं अधिक दूर गहराई तक झांक कर उसकी रचना और निर्माण की खोज करने का इतिहास रचा। वैज्ञानिकों ने गहरे अंतरिक्ष की खोज करने के लिये करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर तक ही नहीं झांका, बल्कि साथ ही साथ अपनी पृथ्वी की ओर भी दृष्टि डालना जारी रखा।

उन्होंने पिछले साल पृथ्वी पर क्या देखा? बहुत कुछ देखा। जो देखा वह डरावना है। मानव पर्यावरण के साथ जैसा खिलवाड़ कर रहा है उसकी जानकारी वैज्ञानिकों के अध्ययनों में सामने आई है। यह जानकारी धरती पर मानव के भविष्य के लिए चेतावनी देती है। दुनिया भर के वैज्ञानिकों के अध्ययन बताते हैं कि बीते साल जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देने वाले ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन एक बार फिर नई ऊंचाइयों पर पहुंच गये हैं। पिछले साल जुलाई में 'एमिट' नाम का एक नया उपकरण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को भेजा गया।

यह यंत्र विभिन्न स्त्रोतों से आने वाली एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस मीथेन, जिसे 'सुपर एमिटर' की तरह पहचाना जाता है, के उद्गम स्थानों का पता लगाता है। यह तो अब जग जाहिर है कि मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें जलवायु प्रणाली में अनावश्यक गर्मी बनाये रखती हैं जिससे धरती की सतह का तापमान बढ़ता हैं। पिछला वर्ष, 1880 के बाद पृथ्वी के पांचवें सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज हुआ। साथ ही इस सदी के पिछले नौ लगातार वर्ष सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज हुए हैं। धरती के बढ़ते तापमान ने पिछले साल दुनिया भर में अलग-अलग जगहों पर उत्पात मचाया, कहर ढाया। नेशनल ओशियेनिक एण्ड एटमॉसफियरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) और नासा के विश्लेषणों के अनुसार जलवायु प्रणाली में अधिकांश अतिरिक्त गर्मी समुद्र में बनती है। उनके आंकड़े बताते हैं कि 2022 में समुद्र की गर्मी के नये रिकॉर्ड बने। वैज्ञानिक मानते हैं कि यह बढ़ी हुई समुद्री गर्मी तीव्र उष्णकटिबंधीय तूफानों को बढ़ावा दे सकती है। इसे हमने पिछले सितंबर में तूफान 'इयान' के रूप में देखा भी। अमरीका में 'इयान' एक उष्णकटिबंधीय तूफान के रूप में आया और 24 घंटे के भीतर तेजी से तूफ़ानों की भीषण तीव्रता की संख्या चार की श्रेणी में तब्दील हो गया। यह तूफान अमेरिका में तबाही के लिहाज से अब तक के सबसे बड़े तूफानों में से एक माना जा रहा है।

जब जलवायु प्रणाली गर्म होती है तब वातावरण में अधिक नमी बनती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक तीव्रता वाली भारी वर्षा होती है। पिछले साल जून से सितंबर तक हमने पड़ोसी पाकिस्तान में उसका तांडव देखा। लंबे समय तक और भारी मानसूनी बारिश के कारण वहां पिछले एक दशक की सबसे भीषण बाढ़ आई जिससे वहां जबरदस्त तबाही मची। बढ़ती गर्मी से न केवल वातावरण में अधिक पानी बनता है और भारी बारिश होती है, बल्कि उससे मिट्टी की नमी को भी नुकसान पहुंचता है। इससे सूखे के हालात बढ़ जाते हैं। पिछले साल अमेरिका के पश्चिम में सूखा पड़ा जिसके कारण उसके लेक मीड और लेक पॉवेल जैसे महत्वपूर्ण जलाशयों की क्षमता गिर कर केवल 27 प्रतिशत तक रह गई। शुष्क और गर्म परिस्थितियों का परिणाम जंगल में लगने वाली आग के खतरों के बढ़ जाने में भी होता है।

जनवरी में लंबे समय से चली आ रही गर्मी और सूखे के दौरान, अर्जेन्टीना के कोरिएंटेस प्रांत में आग लगने की एक हजार से अधिक घटनाएं हुई। इसने अमरीका के इबेरा राष्ट्रीय उद्यान और आसपास के खेतों की महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि को नष्ट कर दिया। ऐसे हालात अमरीका के हैं जहां उन्नत प्रोद्योगिकी है और प्रकृति की प्रत्येक हलचल पर वैज्ञानिक पल-पल नज़र रखते हैं। जलवायु परिवर्तन का असर कुछ देशों को नहीं, वरन् समूची दुनिया पर पड़ता है। कोई देश यह सोचे कि वह प्रकृति की मार से बच जाएगा तो यह उसकी खाम-खयाली होगी। अमेरिकी भूभौतिकीय संघ की 2022 की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत जीआईएसएएस शोध के साथ-साथ एक अलग अध्ययन और आया है जिसके अनुसार, आर्कटिक क्षेत्र में वार्मिंग प्रवृत्तियों सबसे अधिक प्रभाव नजर आ रहा है। यह वैश्विक औसत के चार गुना के करीब है। दुनिया भर के समुदाय उन सभी प्रभावों को महसूस कर रहे हैं जिन्हें वैज्ञानिक गर्म होते वातावरण और समुद्र से जुड़े हुए मान रहे हैं।

**पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन करने, अक्षय ऊर्जा, जैसे पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पनबिजली के उपायों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। तभी ग्लोबल वार्मिंग पैदा करने वाली गैसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए मजबूती से लगातार प्रयत्न करते रहने की जरूरत है।**

नासा के वैज्ञानिक वैश्विक तापमान का विश्लेषण मौसम स्टेशनों और अंटार्कटिक अनुसंधान स्टेशनों के साथ-साथ जहाजों और समुद्र के जहाजों पर लगे उपकरणों द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों से तैयार करते हैं। वैज्ञानिक डेटा में अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए इन मापों का विश्लेषण करते हैं और हर साल वैश्विक सतह के औसत तापमान के अंतर की गणना के लिए सुसंगत तरीके काम में लेते हैं। सतह के तापमान के ये भू-आधारित माप नासा के एक्वा उपग्रह पर वायुमंडलीय इन्फ्रारेड साउंडर द्वारा 2002 से एकत्र किए जा रहे उपग्रह डेटा और अन्य अनुमानों के अनुरूप ही हैं। इसलिए उनकी विश्वसनीयता पर कोई विवाद नहीं है।

समय के साथ वैश्विक तापमान कैसे बदलते हैं, यह समझने के लिए नासा 1951 से 1980 की अवधि को आधार रेखा के रूप में उपयोग करता है। उस आधार रेखा में 'ला नीना' और 'एल नीनो' जैसे जलवायु पैटर्न भी शामिल हैं। इनके साथ ही अन्य कारकों में असामान्य रूप से गर्म या ठंडे वर्ष भी शामिल किये जाते हैं। इसमें पृथ्वी के तापमान में प्राकृतिक भिन्नताओं को भी शामिल किया जाता हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि किसी भी वर्ष में औसत तापमान को कई कारक प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में 'ला नीना' की स्थिति के लगातार तीसरे वर्ष बनाने के बावजूद वर्ष 2022 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्षों में से एक था। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 'ला नीना' के शीतलन प्रभाव ने वैश्विक तापमान को थोड़ा कम (लगभग 0.11 डिग्री फ़ारेनहाइट या 0.06 डिग्री सेल्सियस) किया हो सकता है, जो औसत से अधिक सामान्य समुद्री परिस्थितियों में होता। एक अलग, स्वतंत्र विश्लेषण करके निष्कर्ष निकालाने वाले अमरीका के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) जिसने 2022 के लिए वैश्विक सतह का तापमान 1880 के बाद से पांचवां उच्चतम बताया के वैज्ञानिक अपने विश्लेषण में समान रूप से तापमान के कच्चे डेटा का अधिक उपयोग करते हैं। वे एक अलग आधारभूत अवधि (1901-2000) और पद्धति अपनाते हैं। हालांकि कुछ खास वर्षों के लिए रैंकिंग के रिकॉर्ड के बीच थोडी भिन्नता हो सकती है मगर वे व्यापक तौर पर दीर्घकालिक ग्लोबल वार्मिंग को दर्शाते हैं। नासा के 2022 तक वैश्विक सतह के तापमान के पूर्ण डेटासेट का वैज्ञानिकों ने कैसे विश्लेषित किया वह उसका कोड सहित पूर्ण विवरण सार्वजनिक रूप से जियोग्रैफिक इनफार्मेशन सिस्टम पर उपलब्ध हैं। यह नासा की एक प्रयोगशाला है जिसका प्रबंधन मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में एजेंसी के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के पृथ्वी विज्ञान प्रभाग द्वारा किया जाता है। यह प्रयोगशाला न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अर्थ इंस्टीट्यूट और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंस से संबद्ध है।

जलवायु का आसन्न संकट धरती के किसी एक भूभाग के लिए नहीं है। वह सभी को प्रभावित करने वाला है। यह सम्पूर्ण मानव जाति का सामूहिक संकट है जिसे सामूहिक तरीके से ही निबटा जा सकता है। यही कारण है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी पर नज़र रखने वाला अंतरिक्ष विज्ञान का संस्थान अपनी जानकारियों का सबसे साझा करता है। समाधानों को बढ़ावा देने के लिये वह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की जानकारी का ओपन डेटा उपलब्ध कराता है। जैसा कि हमने देखा है कि जलवायु का गरम होना हम सभी को प्रभावित करता है और इसका मुकाबला करने के लिए हम सभी को आगे बढ़ना है। जैसा कि 2022 और उसके पिछले वर्षों में वैज्ञानिकों ने जो आंकड़े दिये उनसे अब विश्व के सभी देश जलवायु की चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने लगे हैं और समझने लगे हैं कि उनका सामना करना कितना महत्वपूर्ण है। अब यह सबको भली भांति समझ में आ गया है कि ग्रीन हाउस प्रभाव की वजह से पैदा होने वाली ग्लोबल वॉर्मिंग आने वाले समय में मानवजाति की सबसे बड़ी चुनौती है। धीरे-धीरे यह भी सबको साफ होता जा रहा है कि जल्द ही कुछ करने की जरूरत है ताकि धरती को गरम होने से रोका जा सके। ऐसी प्राकृतिक आपदा जो मानव के हस्तक्षेप से आती है। यह वक़्त उसे रोकने के उपाय करने का है। वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिये मुख्य रूप से सी.एफ.सी. गैसों का उत्सर्जन रोकना होगा और इसके लिये फ्रिज़, एयर कंडीशनर और दूसरे कूलिंग मशीनों का इस्तेमाल कम करना होगा या ऐसी मशीनों का उपयोग करना होगा जिससे ऐसी गैसें कम निकलती हों। औद्योगिक इकाइयों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं भी हानिकारक होता है। साथ ही वाहनों में से निकलने वाला धुआं भी पर्यावरण को बिगाड़ता है। रासायनिक इकाइयों से निकलने वाला कचरा और जंगलों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई भी धरती के तापमान को बढ़ाने में योगदान दे रही है। ऐसे में पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन करने, अक्षय ऊर्जा, जैसे पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पनबिजली के उपायों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। तभी ग्लोबल वार्मिंग पैदा करने वाली गैसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए मजबूती से लगातार प्रयत्न करते रहने की जरूरत है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# राजनीति में अपराधियों का खात्मा हो सकता है क्या?



**महावीर सिंह**

राजनीति में अपराधियों के बोलबाले पर 30 साल से अधिक समय से बहस हो रही है। जाने-माने विधिवेत्ताओं नें, राजनीति में शुचिता के पक्षधर चिंतकों-लेखकों-एक्टिविस्टों-आम जन नें, चुनाव अयोग के नामचीन मुख्य आयुक्तों आदि नें समय-समय पर बहुत सारे सुझाव दिए किन्तु अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। चुनाव आयोग तो यह कह कर पल्ला छड़ लेता है कि इस सम्बंध में कानून बनाने व संसोधन का अधिकार संसद के पास है। संसद में चिंता जरूर व्यक्त कर दी जाती है किंतु कानून बनाने में, दृढ़ इच्छा शक्ति के अभाव में, अभी तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। मतदाता के पास तो अपराधी प्रत्याशियों को हराने के अधिकार केवल 5 साल में आता है। उस समय विभिन्न क्षेत्रीय, जातीय, व्यक्तिगत मुद्दे और धनबल, अपराधियों का डर, राजनेताओं से उनकी नजदीकी आदि हावी हो जाते है। आम आदमी को भरोसा ही नहीं कि राजनीतिक पार्टियों के मर्जिदान दुर्दांत अपराधियों से सरकार-राजनेता उसकी सुरक्षा कर सकते है। उसके लिए स्वयं की और अपने परिवार की सुरक्षा सर्वोपरि है।

अतः राजनीति के अपराधीकरण रोकने की प्रभावी पहल केवल राजनीतिक दल या चुनाव आयोग व संसद ही कर सकते है।

राजनीतिक दलों के जो विचार, मन्तव्य, कार्यप्रणाली इन वर्षों में सामने आए है उनके अनुसार उन्हें, केवल और केवल चिंता यह होती है कि सदनों में उनके अधिकाधिक सदस्य चुन कर आ जाए। उन्हें इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपराधियों-बाहुबलियों-माफियाओं व अकूत काले धन वालों को टिकट देने में कोई गुरेज नहीं होता। पैमाना प्रत्याशी की जिताऊ होने की क्षमता होती है, बाकी सब बातें बाद की।

संसद में कानून बनाने, संशोधन करने की परम शक्ति निहित है किंतु संसद नें तो पिछले कई दशकों से ऐसा किया नहीं क्योंकि कोई राजनीतिक दल ऐसा करना चाहते ही नहीं। संसद में तो वही होगा जो बहुमत चाहेगा। अभी तक का तो अनुभव यही कहता है कि संसद में कोई दल इस विषय पर गम्भीर नहीं।

समय-समय पर विभिन्न राजनेताओं व निहित स्वार्थ वालों के इस विषय पर विचार सामने आते है। उनके अनुसार चुनाव लड़ना किसी नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए बिना न्यायिक निर्णय के उन्हें चुनाव लड़ने से बाधित नहीं किया जा सकता है। राजनीतिक दल भी इसी तर्क को ढाल बनाकर दुर्दांत अपराधियों को पोषित करते है कि केवल आरोप ही तो है, दोषसिद्धि थोड़े ही हुई है।

सभी राजनीतिक दल अपराधियों के पक्ष में तो कई तर्क दे देंगे किन्तु क्या जिस व्यक्ति के विरुद्ध हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे गम्भीर अपराध हुए है, उस व्यक्ति या उसके परिवार का कोई अधिकार नहीं है क्या? या वे लोग केवल, कोर्टों में पेशी दर पेशी भुगतता रहे और अंत में दुर्दांत अपराधी गवाहों को तोड़ ले, गायब कर दे, मन माफिक गवाही दिला कर भुक्तभोगियों को अंगूठा दिखाते हुए बाइज्जत बरी होने का ठप्पा लगवा ले।

अब बचा चुनाव आयोग। सही है चुनाव आयोग को संसद वाले अधिकार तो नही।

लेकिन कल्पना करें कि चुनाव आयोग में कोई शेषन फिर से आ जाए और एक आदेश निकाल दे कि जिस व्यक्ति के विरुद्ध हत्या, बलात्कार, अपहरण व सात साल या आदिम के मामले में सक्षम न्यायालय में बाद सुनवाई अपराध से सम्बंधित बिंदु तय हो गए और किसी ऊपरी अदालत का स्थगन आदेश नहीं है तो उनका चुनाव लड़ने हेतु नामांकन का पर्चा अस्वीकार होगा। कोना सा ऐसा राजनीतिक दल, सिविल एक्टिविस्ट समूह होगा जो इसे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में चेलेंज करेगा? कौन सा ऐसा राजनीतिक दल होगा जो इसे संसद में पलटवाने के लिए कानून बनवाने की कार्यवाही प्रारम्भ करवाएगा?

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# बीकानेर स्थापना दिवस पर प्रदर्शित होगी ऊंट की खाल से बनी दुनिया की सबसे छोटी पतंग

**बीकानेर, (निसं)।** ऊंट की खाल पर बनी दुनिया की सबसे छोटी पतंग बीकानेर स्थापना दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएगी। इस पतंग का आकार मात्र 1 एम एम है। इस पतंग पर 22 कैरेट गोल्ड स्वर्ण नक्काशी उस्ता कार्य किया गया है। बीकानेर के 535वें स्थापना दिवस के मौके पर जिला प्रशासन नगर विकास न्यास नगर निगम व देवस्थान के सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी में एक नया कार्य मास्टर क्राफ्ट मैन शौकत अली उस्ता पुत्र रहीम बक्स उस्ता जो भारत सरकार द्वारा उस्ता कला में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता है, द्वारा प्रदर्शित करेंगे। उस्ता कला को आगे बढ़ाने और कुछ नया कर दिखाने के लिए उस्ता ने इस बार एक नया कीर्तिमान तैयार किया है।

- **इस पतंग का आकार मात्र एक एम एम है, इस पतंग पर 22 कैरेट गोल्ड स्वर्ण नक्काशी उस्ता कार्य किया गया है**
- **मथेरण व उस्ता कला के भित्ति चित्रों की 100 फोटोग्राफ भी कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएगी**

प्रदर्शनी के संयोजक अजीज भुट्टा ने बताया कि ऊंट की खाल पर दुनिया की सबसे छोटी बनी पतंग के दोनों तरफ सुनहरी नक्काशी की गई है। पतंग के एक तरफ 22 केरेट गोल्ड से बीकानेर का नक्शा बनाया है तो दूसरी तरफ उस्ताकला से तैयार स्थापना दिवस लिखा है जो लेंस जरिये ही देखा जा सकता है। दूसरी पतंग 21 गुणा 21 सेंटीमीटर की बनी हुई है जिसके दोनों तरफ उस्ता कला नक्काशी 22 केरेट गोल्ड से तैयार की है। जिसके एक तरफ देशनोक की करणीमाता का चित्र व जुनागढ़ किला बनाया गया है यह दोनो चित्र एक तरफ ही है। जिसमें करणीमाता को बीकानेट पर आशीर्वाद देते हुए दिखाया गया है। पतंग के दूसरी तरफ उस्ता कला नक्काशी के साथ राजस्थान की शान ऊँट को दिखाया गया है। दोनों पतंगों पर ओर (धागा) से कनिया भी लगाया हुआ है। उस्ता कलाकारी और हुनर की बदौलत ही उन्होंने विश्व में बीकार्नर का डंका बजाया है। बीकार्नर का नाम विश्व में प्रसिद्ध किया। शौकत उस्ता ने इस कला की बारीकियों का ज्ञान मोहम्मद हनीक उस्ता से लिया इनकी यह कला पीढ़ी दर-पीढ़ी चली आ रही है।



यह पतंग बीकानेर स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली कला प्रदर्शनी में शामिल होगी।

शौकत उस्ता बीकानेर की लुप्त होती उस्ता कला को बचाने का निरन्तर कार्य करते आ रहे है तथा समय-समय पर सरकारी व गैर सरकारी प्रशिक्षण देने का कार्य की भी करते है।

शौकत ने कहा कि बीकानेर के युवा जहां प्रतिभा से भरपूर है। वही के उन्हें अपनी कला दिखाई व अपने कौशल को चमकाई के लिए एक मंच प्रदान करने की आवश्यकता है। संयोजक के अनुसार कला प्रदर्शनी मथेरन कला, उस्ता कला व फोटोग्राफी भी इन दोनों कलाओं से संबंधित अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त अज़ीज़ भुट्टा द्वारा लिए गए 100 भित्ति चित्रों के फोटोग्राफ्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस तरह के फोटो पहली बार किसी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी के उप संयोजक डॉक्टर मोहम्मद फारुख चौहान ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 अप्रैल की सवेरे दस बजे होगा। प्रदर्शनी रोजाना सवेरे 10 बजे से सायं 8 बजे तक आम दर्शकों के लिए निशुल्क खुली रहेगी।

## तौफिक पहलवान ने कुश्ती जीती

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के बिलाली सड़क मार्ग पर स्थित कानूनगो वाले हनुमान जी महाराज का मेला मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। मेले के दौरान सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा-अर्चना और प्रसाद चढ़ाकर मन्नौती मांगी। मेले में दोपहर बाद कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ, कामड़े की कुश्ती चांदोली के तौफिक पहलवान और राजेश पहलवान माजरा के मध्य हुई।

विजेता तौफिक पहलवान को मेला कमेटी द्वारा 51 सौ रूपये देकर सम्मानित किया गया। मेला कमेटी की ओर से भण्डारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। मेले में भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव का साफा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार की सजावटी सामानों की दुकान और स्टाल लगाई गई, जिसमें बच्चों व महिलाओं ने खरीददारी की। मेला स्थल पर सेवादारों ने शीतल जल की प्याऊ लगाई। इस मौके पर सुल्तान राम सैनी, जलेसिंह मीणा, हीरालाल धाबाई, राजू प्रजापत, वैध भवानीशंकर, बजरंग गुर्जर, महेन्द्र शर्मा, घनश्याम योगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सारथी ट्रस्ट की मदद से "सुहानी" बाल विवाह से मुक्त हुई

**जोधपुर, (कासं)।** सूर्यनगरी में एक और बालिका वधु ने बाल विवाह के खिलाफ जंग जीत ली। जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मोदी ने आखातीज से पहले समाज को कड़ा संदेश देते हुए सुहानी के बाल विवाह निरस्त का फैसला सुनाया। यह कार्य सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कृति की मदद से हो पाया।

- **जोधपुर पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश ने आखातीज से पहले बाल विवाह निरस्त का फैसला सुनाया**
- **सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति की मदद से प्रदेश में 49 वां बाल विवाह निरस्त हुआ**

जानकारी के अनुसार जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मोदी ने आखातीज से पहले समाज को कड़ा संदेश देकर सुहानी के बाल विवाह निरस्त का फैसला सुनाया। जिसके साथ ही सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति की मदद से प्रदेश में 49 वां बाल विवाह निरस्त हो गया।

दैनिक मजदूर की बेटी करीब 19 वर्षीय सुहानी (बदला हुआ नाम) का बाल विवाह करीब 6 साल पहले महज 13 साल की उम्र में समाज के दबाव में करवा दिया गया था। सुहानी प्रशासनिक अधिकारी बनने का ख्वाब संजोए थी। उसको खुद के ख्वाब टूटते दिखे। इधर लगातार छह साल तक ससुराल वालों ने लगातार गौना करने का दबाव बनाया और धमकियां दी तो अवसाद से घिर गई। घबराहट में स्कूल जाना तक छूट गया। हर पल भविष्य की चिंता सता रही थी।

सुहानी को बाल विवाह की करीब 6 साल तक पीड़ा झेलने के बीच एक कोचिंग संस्थान के यूट्यूब लाइव कार्यक्रम में बीबीसी की 100 प्रेरणादायी महिलाओं व वर्ल्ड टॉप टेन एक्टिविस्ट सूची में शुमार सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति भारती की बाल विवाह निरस्त की मुहिम के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उसने डॉ.कृति से मुलाकात कर पीड़ा बयां की। डॉ.कृति भारती ने पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 में करीब 5 माह पहले सुहानी के बाल विवाह निरस्त का वाद दायर किया।

डॉ.कृति भारती ने पैरवी कर न्यायालय को बाल विवाह के तथ्यों और दस्तावेजों से अवगत करवाया। जिसके बाद पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मोदी ने बालिका वधु सुहानी के 6 साल पहले महज 13 साल की उम्र में हुए बाल विवाह को निरस्त करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। न्यायाधीश मोदी ने समाज को बाल विवाह के खिलाफ खड़ा संदेश देते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना सरासर गलत है।

देश सालों से बाल विवाह की कुप्रथा में जकड़ा हुआ है। इसके खात्मे के लिए समेकित प्रयास करने जरूरी है। बाल विवाह निरस्त के फैसले पर सुहानी खुशी से उछल पड़ी और डॉ.कृति से लिपट गई।

## सालभर से पेयजल सप्लाई बंद

**खिरोड़, (निसं)।** मोहनवाड़ी ग्राम पंचायत की रणवां की ढाणी में सार्वजनिक रूप से बनाई गई ट्यूबवैल एक वर्ष से खराब अवस्था में पड़ी होने से क्षेत्र की जनता को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

ढाणी के ग्रामीण भोपाल सिंह के मुताबिक जलदाय विभाग द्वारा लगाई गई ट्यूबवैल पिछले एक वर्ष से बंद पड़ी रहने से ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस भयंकर गर्मी के मौसम में लोग पीने के पानी के लिए दूर दराज से 1-2 मटके लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस ट्यूबवैल की मोटर अंदर नीचे चली जाने से ट्यूबवैल खराब पड़ी है। इस समस्या को लेकर जलदाय विभाग के संबंधित जेईएन, एईएन सहित उच्च अधिकारियों एवं ठााम पंचायत सरपंच को भी अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस ट्यूबवैल को ठीक करवाने की मांग की है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**बुधवार 19 अप्रैल, 2023**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, रेवती नक्षत्र रात्रि 11:53 तक, वैधृति योग दिन 3:24 तक, शकुनी करण दिन 11:24 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:53 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज पितृ अमावस्या, अन्वाधान शब्बे कद्र है। पंचक रात्रि 11:53 पर समाप्त होंगे। आज मृत्युयोग रात्रि 11:53 से सूर्योदय तक और वैधृति पुण्यम है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:14 तक, शुभ 10:48 से 12:26 तक, चर 3:56 से 5:09 तक, लाभ 5:09 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:03, सूर्यास्त 6:49

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष और भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**तुला**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित योजना बनेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# एलन के 35 वर्ष पूर्ण, एक हजार विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग देगा

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने 35वें स्थापना दिवस पर आशा स्कॉलरशिप स्कीम के तहत एक हजार विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग देने की घोषणा की। इसके साथ ही स्थापना दिवस पर एलन परिवार द्वारा प्रात:काल में एलन संकल्प से खड़े गणेश जी मंदिर तक पदयात्रा निकाली गई तथा हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया गया।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का संचालन निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी, चारों भाई मिलकर कर रहे हैं। नेक्स्ट जनरेशन अविरल माहेश्वरी, अमन माहेश्वरी, आनन्द माहेश्वरी, केशव माहेश्वरी व आराध्य माहेश्वरी भी साथ मिलकर कई दायित्व निभा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने बताया कि 18 अप्रैल 1988 को स्थापित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट 35वां स्थापना दिवस मना रहा है। सामाजिक सरोकार और सर्वोत्कर्ष एलन के मूल में है और विद्यार्थियों के हित में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए वचनबद्ध है। संस्कार से सफलता के इसी सिद्धान्त पर आगे बढ़ते हुए इस वर्ष एक हजार विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा देने का संकल्प लिया है।

माहेश्वरी ने बताया कि एलन 7 देशों के साथ भारत के 22 राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों के 53 शहरों में स्टडी सेंटर्स के माध्यम से शिक्षा मुहैया करवा रहा है। सभी राज्यों की राज्य सरकारों के साथ मिलकर सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत अभावग्रस्त परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एलन के विभिन्न सेंटर्स पर आशा योजना के तहत निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इससे पूर्व भी कई राज्य सरकारों के साथ मिलकर विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा दी गई है। राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, आसाम सहित कई राज्यों में प्रकल्प संचालित हैं। कोविड प्रभावित परिवारों के करीब 300 विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। इसी तरह शौर्य छात्रवृत्ति के तहत शहीदों के बच्चों को 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दी जा रही है। सेना, अर्द्धसेना के सदस्यों के बच्चों को भी शुल्क में रियायत दी जाती है। इसके अलावा एलन की विभिन्न स्कॉलरशिप स्कीम के अंतर्गत भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।



एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने 35वें स्थापना दिवस पर आशा स्कॉलरशिप स्कीम के तहत एक हजार विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग देने की घोषणा की।

- 35वें स्थापना दिवस लिया संकल्प, पदयात्रा निकाली, चिकित्सा शिविर लगाए

**सत्र 2022-23 में 3 लाख से अधिक स्टूडेंट्स:-** उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल 1988 को किराये के कमरे से 8 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सत्र 2022-23 में एलन में 3 लाख 1448 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। एलन ने एक साथ सभी विषयों का अध्ययन एक ही छत के नीचे शुरू करवाकर कोटा कोचिंग युग का सूत्रपात किया। एलन परिवार से वर्तमान में 16 हजार से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। स्थापना से अब तक 28 लाख से अधिक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एलन द्वारा दिया जा चुका है। 7 देशों में एलन के स्टडी सेंटर्स हैं। 53 शहरों में स्टडी सेंटर्स के साथ देशभर में 200 से अधिक क्लासरूम कैम्पस हैं तथा 350 से अधिक शहरों में टेस्ट सेंटर्स हैं।

**आगे के संकल्प:-** एलन पूरी ऊर्जा के साथ नए लक्ष्यों की तरफ बढ़ रहा है। वर्ष 2030 तक 2.50 करोड़ विद्यार्थियों से जुड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए विस्तार भी किया जा रहा है। बोधी ट्री से जुड़ने के साथ लक्ष्य और बढ़े हासिल करने की तरफ बढ़ रहे हैं। एलन डिजिटल और मेडिकल में पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए मजबूत हुआ है।

एलन के नाम में कॅरियर शब्द जुड़ा है। ऐसे में हर क्षेत्र में कॅरियर बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं। इंजीनियरिंग व मेडिकल के साथ अब कॉमर्स और प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा के लिए भी तैयारियां करवाना शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में जेईई एडवांस्ड, जेईई-मेन, प्री-मेडिकल नीट-यूजी, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस), राजस्थान न्यायिक सेवा (आरजेएस), कॉमर्स, क्लेट, केट, आईपीमेट, सेट, आइलेट्स, प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन (कक्षा 6 से 10) एनटीएसई और ओलंपियाड इत्यादि की तैयारी करवाई जा रही है।

**500 भर्तियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव:-** एलन एक बड़े रोजगार प्रदाता के रूप में भी स्थापित हो रहा है। एलन सत्र 2023-24 में 500 ट्रेनी फैकल्टीज की नियुक्ति के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। इसके तहत देश के टॉप शैक्षणिक संस्थानों में कैम्पस ड्राइव आयोजित किए गए, इसमें आईआईटी व एनआईटी जैसे कॉलेज भी शामिल है। आईआईटी दिल्ली, मुम्बई, मद्रास, बीएचयू, तिरुपति, गुवाहाटी, एनआईटी मेघालय, एमएनआईटी जयपुर, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ सहित देश के कई अन्य श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इनमें बीटेक के साथ एमएससी एवं एमटेक के विद्यार्थी शामिल हैं। देश के कई बड़े कैम्पस में आगे भी ड्राइव शुरू किए जाने हैं। सलेक्टेड स्टूडेंट्स को 7.5 लाख रुपए तक के सैलेरी पैकेज ऑफर किए गए हैं।

**एक शहर में सर्वाधिक स्टूडेंट्स:-** डॉ.माहेश्वरी ने बताया कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के नाम कई रिकॉर्ड्स भी हैं। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सत्र 2022-23 में एक शहर एक संस्थान में 1 लाख 27 हजार 764 क्लासरूम स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में दर्ज किया गया। इससे पूर्व 2014 में लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड ने एलन के ही कोटा में 66504 स्टूडेंट्स के रिकॉर्ड को नेशनल कीर्तिमान में दर्ज किया था। इसके साथ ही गिनिज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लिम्का बुक और गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में करीब एक दर्जन रिकॉर्ड एलन के नाम हैं।

स्थापना दिवस पर पद यात्रा निकाली, हेल्थ चेकअप कैंप सहित कई कार्यक्रम:- 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर एलन परिवार द्वारा पदयात्रा निकाली गई, जिसमें तीन हजार से अधिक सदस्य शामिल हुए। कोटा में संकल्प कैम्पस से शुरू हुई यह पदयात्रा विश्वकर्मा चौराहा, घटोत्कच चौराहा होते हुए खड़े गणेश जी मंदिर पहुंची। दर्शन के बाद एलन के स्वामी विवेकानन्द नगर स्थित नवनिर्मित कैम्पस पहुंचे। यहां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।

इसके साथ ही एलन जवाहर नगर स्थित सत्यार्थ कैम्पस में हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में सुपर स्पेशलिटी सहित कई चिकित्सक शामिल हुए और सेवाएं दी। कैम्प में निदेशक नवीन माहेश्वरी ने चिकित्सकों का सम्मान किया। यहां 1500 से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों व फैकल्टीज ने चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लिया।

# न्यास की दो योजनाओं की लॉटरी निकाली

**कोटा,** (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर जहां एक ओर कोटा में विकास के अभूतपूर्व कार्यों और पर्यटन विकास प्रोजेक्ट्स को अमलीजामा पहनाया गया है।

वही नगर विकास न्यास द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक योजनाओं के माध्यम से शहर वासियों को राहत प्रदान करते हुए आशियाना एवं व्यवसाय के लिए रियायतों के साथ भूखड़ उपलब्ध करवाया जा रहा है। मंगलवार को नगर विकास न्यास की 2 योजनाओं की लॉटरी निकालकर 377 भूखंडों का आवंटन किया गया।

- सी ए नगर के 278 और गोल्डन ग्रीन वेयर हाउस योजना के 99 भूखंडों का आवंटन

न्यास उप सचिव भावना सिंह ने बताया कि नगर विकास न्यास की गोल्डन ग्रीन वेयर हाउस एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री योजना के तहत 99 भूखंडों की लॉटरी निकाली गई इस योजना में 214 आवेदकों ने आवेदन किया था वही सीए नगर के सभी 278 आवेदकों की भूखंडों की लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई।

न्यास कार्यालय में लॉटरी प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में सीए कॉलोनी के आवेदक शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं ग्रीनलैंड वेयर हाउस योजना के आवेदक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मुख्य लेखा अधकारी टीपी मीणा, राजस्व सलाहकार परमानंद मीणा सहित न्यास के अधिकारियों कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने अपने पद से इस्तीफा दिया

**कोटा,** (निसं)। कोटा देहात जिला कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष और कांग्रेस के दबंग नेता मनोज दुबे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है एवं प्रदेश में सत्ता के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं पर गहरा रोष जताया है। मनोज दुबे ने कहा कि पिछले सवा 4 साल से प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, तभी से प्रदेश के नेताओं के द्वारा जो सत्ता के लिए संघर्ष किया जा रहा है, उससे आम कार्यकर्ता दु:खी है। प्रदेश में जो आपसी लड़ाई एचं खींचतान चल रही है, वह कांग्रेस के लिए ठीक नहीं है। यह नेता कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फेरना चाहते है। प्रदेश में जो जन कल्याणकारी योजनाएँ चल रही है वह पूरे देश में अपने आप में एक मिसाल है। लेकिन सत्ता के लिए आपसी लड़ाई से यह नेता भाजपा को लाभ पहुँचाना चाहते है। प्रदेश की जनता ने खुले दिल से दोबारा प्रदेश की कमान कांग्रेस को सौपने का मन बना लिया है। लेकिन जिस प्रकार से लगातार खुलेआम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गुट के द्वारा गुटबाजी को अंजाम दिया जा रहा है, उससे कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भारी नुकसान पहुँच रहा है। कोई कुर्सी के लिए लड़ रहा है तो कोई पुत्रमोह में पार्टी को नुकसान पहुँचा रहा है। मनोज दुबे ने कहा कि दोनों गुटों के द्वारा जिस प्रकार से सत्ता एवं संगठन के पदों पर अपने-अपने समर्थकों की नियुक्ति करवाने के लिए संघर्ष किया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां**

क्रमांक:-नपबा/रुपां./2023/619-20 लोक सूचना दिनांक:-18.4.2023

श्री मोहित दिक्षित पुत्र श्री सरोज दिक्षित निवासी राज मंदिर कोयला तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | नलका | 876/79 | 0.24 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..........को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां**

क्रमांक:-नपबा/रुपां./2023/622-23 लोक सूचना दिनांक:-18.4.2023

श्री सरोज कुमार दिक्षित पुत्र श्री रामप्रताप निवासी मेहरो का मोहल्ला कोयला तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | नलका | 878/877 | 0.24 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..........को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां**

क्रमांक:-नपबा/रुपां./2023/546-547 लोक सूचना दिनांक:-13.4.23

श्री गोतम कुमार जैन पुत्र पन्नालाल, श्री सतीश गोयल पुत्र रामचन्द्र बारां निवासी बारां तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | कल्याणपुरा | 112<br>132,133<br>456/133,130<br>कुल किता 5 | 1.35 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..........को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां


# गर्भवती महिलाओं को पोषण किट बांटे

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन मंगलवार को 78 चिकित्सा संस्थानों पर हुआ। अभियान में 1577 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की और परामर्श दिया। अभियान के अन्तर्गत जिला कलेक्टर ओपी बुनकर के द्वारा जिले में चलाए गए नवचार कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को एक-एक पोषण किट वितरित किए गए। ब्लॉक सुल्तानपुर, इटावा व सांगोद प्रत्येक को 120 के हिसाब से कुल 360 पोषण किट चम्बल फर्टिलाईजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) गढ़ेपान की ओर से सीएसआर मद में उपलब्ध करवाए गए।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2023/1455 दिनांक:-13.4.23

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा राजीव गांधी नगर स्पेशल आवासीय योजना के भूखंड संख्या 99 का दिनांक 18.01.2020 को श्री रामकेश सिंह पुत्र श्री हरवीर सिंह के नाम आवंटन किया गया था। श्री रामकेश सिंह पुत्र श्री हरवीर सिंह द्वारा उक्त भूखंड जर्ये मुख्तारआम श्रीमती उषा पत्नी श्री घनश्याम द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.02.2023 को श्री अतुल नागर पुत्र श्री घनश्याम नागर को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री अतुल नागर पुत्र श्री घनश्याम नागर द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 99 राजीव गांधी नगर स्पेशल आवासीय योजना का नामहस्तान्तरण श्री अतुल नागर पुत्र श्री घनश्याम नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 37 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 5.4.23

आवास संख्या 2-ग-6 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सुन्दर श्याम मलिक पुत्र श्री राम लुभाया मलिक को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री ध्रुव प्रसाद त्यागी पुत्र श्री शिवलाल सिंह त्यागी के नाम दिनांक 26.12.1994 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री ध्रुव प्रसाद त्यागी पुत्र श्री शिवलाल सिंह त्यागी के नाम दिनांक 28.12.1994 को किया गया। श्री ध्रुव प्रसाद त्यागी पुत्र श्री शिवलाल सिंह त्यागी की मृत्यु दिनांक 04.04.1995 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके समस्त वारिसानों श्री संजीव त्यागी, श्री अनिल त्यागी पुत्र स्व. श्री ध्रुव प्रसाद त्यागी एवं मुख्तार आम श्रीमती रेणू त्यागी पत्नी स्व. डॉ. राजीव त्यागी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये परित्याग पत्र आलेखित कर दिनांक 15.01.2009 को अपनी माता व सॉंस श्रीमती प्रभा त्यागी पत्नी श्री ध्रुव त्यागी के पक्ष में किया गया। श्रीमती प्रभा त्यागी पत्नी स्व. श्री ध्रुव त्यागी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.03.2005 को श्री श्रीकृष्ण कचोलिया, श्री विनय कचोलिया एवं श्री विजय कचोलिया पुत्रान श्री रामेश्वर प्रसाद कचोलिया को संयुक्त रुप से किया गया। श्री श्रीकृष्ण कचोलिया व श्री विजय कचोलिया पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद कचोलिया द्वारा उक्त आवास का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 27.01.2023 को हमारे सगे भाई श्री विनय कचोलिया पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद कचोलिया को किया गया। श्री विनय कचोलिया पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद कचोलिया द्वारा उक्त आवास का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 03.02.2023 को अपनी पत्नी श्रीमती किरण कचोलिया पत्नी श्री विनय कचोलिया को किया गया। श्रीमती किरण कचोलिया पत्नी श्री विनय कचोलिया द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में अपना नाम दान पत्र के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास को दान पत्र के आधार पर श्रीमती किरण कचोलिया पत्नी श्री विनय कचोलिया के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दान पत्र के आधार पर श्रीमती किरण कचोलिया पत्नी श्री विनय कचोलिया का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दान पत्र के आधार पर श्रीमती किरण कचोलिया पत्नी श्री विनय कचोलिया के नाम दर्ज कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2023-24/165 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-17.4.23

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज कुमार मीना पुत्र पिता श्री दुर्गा शंकर मीना व श्रीमती अनुराधा पत्नी श्री मनोज कुमार मीना निवासी रावतभाटा ने इस कार्यालय में आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजों की स्व: प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा की श्रीगणेश नगर आवासीय योजना रावतभाटा के भूखंड संख्या 151 श्रेणी (अ) साईज 25x50 कुल 1250 वर्गफीट अर्थात 116.17 वर्गमीटर का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकार्ड में दर्ज करने व बाद नामान्तरण इस भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय नक्शे की प्रतियों के साथ प्रस्तुत किया है।

प्रस्तुत दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखंड पालिका द्वारा लॉट्री दिनांक 31.12.2007 अंतर्गत श्री चम्पालाल पिता श्री खेमाराम गहलोत निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त लीज राशि 10 वर्ष की जमा होने के उपरांत पालिका द्वारा लीज डीड क्रमांक 411 दिनांक 25.02.2008 व पंजीयन दिनांक 18.03.2008 से जारी की गई। जिसके उपरांत आवंटी ने पालिका से बिना विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखंड को श्रीमती सुमित्रा राठौड पत्नी श्री हरिसिंह निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया, जिसका नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में स्वीकृति पत्रांक 4085 दिनांक 26.12.2014 से दर्ज किया गया। इसके उपरांत इस नामान्तरिती ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखंड को श्री ईश्वरसिंह पिता श्री दीनदयाल यादव निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया। जिसका नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में स्वीकृति पत्रांक 819 दिनांक 27.05.2015 से दर्ज किया गया। जिससे प्राप्त स्वामित्व अधिकारों के तहत इस नामान्तरण को उक्त भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण हेतु निर्माण स्वीकृति पत्रांक 3245 दिनांक 03.10.2017 से जारी की गई। जिसकी निर्धारित समयावधि में आवासीय भवन का निर्माण नहीं किया गया है और भूखंड खाली अर्थात रिक्त है, तदोपरांत नामान्तरिती श्री ईश्वरसिंह ने पालिका से बिना विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त भूखंड को श्रीमती कीर्ति वधवा पत्नी श्री हरीश वधवा निवासी रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्र विलेख दिनांक 22.12.2022 को विक्रय किया है। जिसका नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में स्वीकृति पत्रांक 4807 दिनांक 27.02.2023 से दर्ज किया गया। इसके उपरांत नामान्तरिती श्रीमती कीर्ति वधवा ने पालिका से बिना विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त भूखंड को आवेदक श्री मनोज कुमार मीना पिता श्री दुर्गा शंकर मीना व श्रीमती अनुराधा मीना पत्नी श्री मनोज कुमार मीना निवासी कुन्हाड़ी जिला कोटा हाल मुकाम रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 17.03.2023 से विक्रय किया गया जिसके आधार पर आवेदक ने भूखंड का नामान्तरण नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत एवं बाद नामान्तरण भूखंड पर आवासीय भवन के निर्माण की स्वीकृति व नक्शानुमोदन प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत चाही गयी है।

चूंकि खाली भूखंड पर विभाग पर निर्धारित समयावधि पर भवन निर्माण नहीं किये जाने पर पुर्नग्रहण शुल्क लिया जाकर आवेदन का निस्तारण किया जाना प्रस्तावित है।

अत: उक्त भूखंड का हस्तान्तरण पालिका रिकार्ड में आवेदक के नाम दर्ज कर भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन किये जाने में किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति/उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा


# ‘बड़गांव अब बड़शहर बन गया है’

**कोटा,** (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत लगातार दी जा रही रियायत एवं नियमों में सरलीकरण आमजन के लिए बड़ी राहत बन रहा है मंत्री धारीवाल के निर्देशन में अब वार्ड वार कैंप आयोजित कर आवेदकों को उनके मकान और भूखंड का स्वामित्व प्रदान किया जा रहा है।

मंगलवार को कोटा उत्तर निगम के वार्ड नंबर 1, 30 और 68 में नगर विकास न्यास द्वारा आयोजित किए गए दो दिवसीय शिविर में पट्टे वितरित किए गए। पट्टा वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल पहुँचे और उन्होंने बड़गांव, नान्ता ओर बापू बस्ती में आयोजित किए गए शिविर में पहुंचकर क्षेत्रवासियों को पट्टे वितरित किए।

पट्टा वितरण के दौरान क्षेत्रवासियों से मुखातिब हुए अमित धारीवाल ने कहा कि जब-जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है सरकार ने नियमों में सरलीकरण कर आमजन को मकान और भूखंड का स्वामित्व प्रदान किया है वही कांग्रेस सरकार ने ही हर क्षेत्र में विकास के अभूतपूर्व कार्य करवा कर आमजन के जीवन में सुगमता प्रदान किए अमित धारीवाल ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी शिविर में पहुंचे क्षेत्रवासियों से चर्चा की और ज्यादा से ज्यादा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की आव्हान किया।




कोटा में समाजसेवी अमित धारीवाल ने पट्टे वितरित किए।

उन्होंने बड़गांव क्षेत्र में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों के बारे में भी क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए कहा कि बड़गांव बड़गांव नहीं बड़शहर बन गया है शहर जैसी सभी सुविधाओं को यहां पर विकसित किया जा चुका है।

बड़गांव में आयोजित शिविर में पट्टा वितरण के दौरान कांग्रेस नेता जितेंद्र मीणा, गजेन्द्र धाकड़, मेघवाल धर्मराज मीणा, अशोक मेघवा, पार्षद मोहन मेघवाल, दीपक नागर, जितेंद्र केवट, मंडल अध्यक्ष शिवराज शर्मा समेत कांग्रेस कार्यकर्ता। पर्यवेक्षक आरडी मीणा, उप सचिव चंदन दुबे सहित स्थानीय कांग्रेस नेता क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

**452 पट्टों का हुआ वितरण:-** नगर विकास न्यास द्वारा वार्ड वार आयोजित हो रहे शिविरों के तहत कोटा उत्तर निगम के वार्ड 130 और 68 में दो दिवसीय शिविर के दौरान 452 पट्टों का एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए पट्टे तैयार कर सौपे गए। न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि उत्तर निगम के वार्ड 1 का दो दिवसीय शिविर सामुदायिक भवन बड़गांव में वहीं वार्ड 30 का शिविर क्रेशर के सामने थर्मल रोड नांता और वार्ड 68 का सरस्वती स्कूल बापू कॉलोनी में आयोजित हुआ शिविर के दौरान प्रभारी उपसचिव चंदन दुबे मोहम्मद ताहिर उपायुक्त नगर निगम गजेंद्र सिंह एवं न्यास के अधिकारियों कर्मचारियों ने शिविर में पहुंचे आवेदकों के आवास एवं भूखंडों के पट्टे बनाकर सौपे गए। सचिव राजेश जोशी ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत लगातार वार्ड वार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं अगला शिविर 20 और 21 अप्रैल को कोटा उत्तर निगम के वार्ड 49, 69 और 70 में आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, आन्दोलन की चेतावनी दी

**कोटा** (निसं)। भारतीय किसान संघ ने सरकार पर अपनी घोषणाओं को जल्द पूरी नहीं करने का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। भारतीय किसान संघ के प्रान्त प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि संगठन की ओर से अंतिम बार सरकार को चेताते हुए ज्ञापन दिया गया है। इसके साथ ही आन्दोलन की तैयारी शुरु कर दी गई है।

जिलाध्यक्ष गिरिराज चौधरी, प्रदेश मंत्री जगदीश कलमंडा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राजस्थान सरकार के द्वारा 2022 में कृषि बजट पेश किया गया था। जिसमें किसानों के हित में बहुत सी नवीन योजनाएं और महत्वाकांक्षी घोषणा की गई थी। इन घोषणाओं से सरकार ने खूब वाहवाही लूटी थी। इन घोषणाओं में से 90 फीसदी अधूरी हैं। जिन पर कोई काम शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में, कृषि बजट और अन्य संपूर्ण बजट में की गई घोषणाओं को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष लगातार असमय वृष्टि, ओलावृष्टि, आंधी का दौर चल रहा है। ऐसे में किसानों की कमर टूट चुकी है। 2022-23 में दोनों ही फसलें खराब हो गई हैं। इसलिए किसानों के लिए विशेष राहत राहत पैकेज घोषित किया जाए।



भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आन्दोलन की चेतावनी दी।

समर्थन मूल्य पर गेहूं और चने की खरीद की जा रही है। लेकिन, जितनी मात्रा में खरीदी हो रही है, वह अपर्याप्त है। किसानों की संपूर्ण कृषि जींस को समर्थन मूल्य पर खरीदने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाए और एमएसपी पर संपूर्ण जींस की खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा घोषित की गई विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए तुरंत राशि जारी की जाए। पूर्वी नहर परियोजना के तहत राज्य सरकार के द्वारा घोषित निगम का गठन करने के लिए राशि 9600 करोड रुपए तुरंत जारी किए जाएं। यदि सरकार अपने द्वारा घोषित वादों की क्रियान्विति सुनिश्चित नहीं करती है तो 16 मई को प्रदेश भर का किसान जयपुर कूच करेगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रान्त महिला प्रमुख रजनी धाकड़, संभाग महिला प्रमुख रमा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकुट नागर, जिला महामंत्री देवीशंकर गुर्जर, कोषाध्यक्ष रूपनारायण यादव, महानगर अध्यक्ष महावीर नागर, सुल्तानपुर तहसील अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, लाड़पुरा तहसील अध्यक्ष दाऊशंकर समेत कई लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा ( राज. )**

क्रमांक:/न.पा.सा./भूमि/2023-24/1297-98 दिनांक:-17.04.2023

**आपत्ति सूचना**

प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत नगर पालिका आबादी क्षेत्र के मध्य निजि खातेदारी के खसरों पर भी लगभग पूर्ण आबादी बस चुकी है राज्य सरकार के जारी निर्देशानुसार निम्न आराजी खसरो में निवास कर रहे शहरवासीयों द्वारा पट्टा चाहने हेतु नगर पालिका में आवेदन किया हुआ है। आवेदनों के निस्तारण हेतु निम्न खसरा नम्बरों को आबादी में सम्मपरिवर्तन करवाते हुये नगर पालिका के खाते में दर्ज किया जाना है किसी भी खातेदार/व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अन्दर सात दिवस में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर नगर पालिका में पेश करे। मियाद अवधि उपरांत किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

| क्र.सं. | खातेदार का नाम | खसरा नम्बर | रकबा |
|---|---|---|---|
| 1 | मोतीलाल/रामलाल | 1059/2680 | 0.02 है. |
| 2 | मोतीलाल/रामलाल | 1059/2681 | 0.01 है. |
| 3 | द्वारका लाल/रामलाल | 1059/2679 | 0.01 है. |
| 4 | बनवारी, ब्रजेश/रमेशचंद, शंकर/सोमरिया | 1053 | 0.11 है. |
| 5 | शामलाती | 1054 | 0.02 है. |
| 6 | नरेश कुमार/नाथू लाल | 1054/2746 | 0.06 है. |
| 7 | शामलाती | 1050 | 0.08 है. |
| 8 | रामनाथ, बाला/नोन्दा | 1051 | 0.03 है. |
| 9 | शामलाती | 1052 | 0.06 है. |
| 10 | मांगी लाल/बजरंगलाल | 1052/2688 | 0.03 है. |
| 11 | ओंकार लाल/देवलाल | 1052/2687 | 0.02 है. |
| 12 | गुलजार/अहमद साह | 1065 | 0.06 है. |
| 13 | अब्दुल सलाम/अब्दुल गफुर | 1017 | 0.03 है. |
| 14 | अब्दुल सलाम/अब्दुल गफुर | 1018 | 0.02 है. |
| 15 | घाशी/ग्यारसी राम | 1025 | 0.02 है. |
| 16 | नासीर/निसार अहमद, इरसाद/ सिराज अहमद, सिताराम/श्रीया | 1028/2771 | 0.05 है. |
| 17 | शामलाती | 1028/2610 | 0.05 है. |
| 18 | शामलाती | 1012 | 0.05 है. |
| 19 | तेजेन्द्रपाल/द्वारकालाल | 1035/1 | 0.0441 है. |
| 20 | शामलाती | 1058 | 0.08 है. |
| 21 | शामलाती | 1047 | 0.05 है. |
| 22 | कैलाशचंद/रामगोपाल | 1028 | 0.05 है. |
| 23 | शामलाती | 1020/2625 | 0.04 है. |
| 24 | रामकन्या बाई/पन्ना | 1334/2617 | 0.06 है. |
| 25 | बाबू लाल/नन्दकिशोर | 1334/2506 | 0.01 है. |
| 26 | कृष्ण कुमार, गोपाल/शंकर लाल | 1336/2505 | 0.01 है. |
| 27 | रमेशचंद, लक्ष्मीनारायण/रामचरण | 1336/2738 | 0.01 है. |
| 28 | शामलाती | 1020/2759 | 0.04 है. |
| 29 | रामेश्वर/गोपीलाल | 1370/2535 | 0.06 है. |
| 30 | ताजमोहम्मद/अब्दुल | 1370 | 0.03 है. |
| 31 | कालूखां/हाजी अब्दुल्ला | 1370/2536 | 0.01 है. |
| 32 | लटूरलाल/देवीलाल | 1340/2530 | 0.02 है. |
| 33 | शामलाती | 1340/2531 | 0.02 है. |
| 34 | शामलाती | 1340/2532 | 0.03 है. |
| 35 | किशन लाल/मंगला | 1371 | 0.04 है. |
| 36 | मदन मोहन/मूलचंद | 1371/2534 | 0.03 है. |
| 37 | हरिशचंद, धनराज/रामनिवास | 1383/2633 | 0.04 है. |
| 38 | रामस्वरुप, बनवारी लाल/ नाथुलाल | 1382/2751 | 0.02 है. |
| 39 | मदन/पाथू | 1347 | 0.05 है. |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सांगोद

# नव घोषित जिलों को लेकर गतिरोध जारी

## विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में रखने की मांग, सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन किया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए संघर्ष समिति द्वारा धरना स्थल पर मंगलवार को सद्बुद्धि यज्ञ हवन किया गया। पंडित विमलेश कौशिक, पंडित योगेश कौशिक द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन कार्य करा कर हवन कार्य संपन्न कराया गया।

मंगलवार की दोपहर धरना स्थल पर एकत्रित होकर जनप्रतिनिधियों सहित लोगों ने विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए मंत्रोच्चारण के मध्य हवन में आहुतियां डाली। भगवान से गुहार लगाई कि वह सरकार को सद्बुद्धि दे ताकि सरकार अपने तानाशाह रवैये को छोड़कर विराटनगर क्षेत्रवासियों की मनोस्थिति को समझे और शीघ्रातिशीघ्र अपने निर्णय को वापस ले। लोगों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी तो विराटनगर क्षेत्रवासी शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर सरकार ने शीघ्र ही फैसला नहीं बदला तो सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।



**विराटनगर को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए संघर्ष समिति ने हवन यज्ञ किया।**

संघर्ष समिति के सदस्य पवन शर्मा ने कहा सरकार विराटनगर क्षेत्र के धैर्य की परीक्षा ना ले क्षेत्र के साथ अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार या तो विराटनगर को जिला बनाए या जयपुर जिले में यथावत रखा जाए। इस दौरान संघर्ष समिति के जगदीश यादव, सेवानिवृत्त अधिकारी बाबूलाल रुडंला, पवन शर्मा जवानपुरा, पूर्व सरपंच संतोष मोदी, भोमराज चेची, शिवदान फागणा, रमेश शर्मा खातोलाई, रविन्द्र कानव, गिरिराज सिंह, विजय जांगिड, डॉ विवेक भिंडा, लोकेश कुमार शर्मा, मूलचंद सैनी, पूरणमल चौधरी, ओमप्रकाश, विकास शर्मा, कैलाश चंद्र शर्मा, साधु राम जाट, लाला राम जाट, रामजी लाल शर्मा, पूरणमल शर्मा, दौलत राम, हनुमान सहाय, कालूराम गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## टोंक जिले को अजमेर संभाग से हटाकर जयपुर संभाग में शामिल किए जाने की मांग की

### टोंक को जयपुर संभाग में शामिल करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर शुरु

**निवाई, (निसं)।** विधायक प्रशांत बैरवा द्वारा टोंक जिले को अजमेर संभाग से हटाकर जयपुर संभाग में शामिल किए जाने की मांग को लेकर झिलाय मंडल से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई।

मंडल अध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह कसाना ने बताया कि अभियान के शुभारंभ से पूर्व मंडल के कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी की मौजूदगी में खिडगी मोड के समीप एकत्रित हुए। जहां पुरजोर समर्थन के साथ कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत का आव्हान किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए गांव व ढाणी तक लेकर जाने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर गोविन्दनारायण चौधरी, देवा पोसवाल, राजेन्द्र चौधरी, मोती गुर्जर, राजु मीणा, श्योजी पायलेट, राकेश राजावत, रमजानी मसुरी, आसीफ,



**टोंक को जयपुर संभाग में शामिल करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरु किया।**

रामसहाय, हरीपुरा, पप्पू गुर्जर, खेमराज प्रजापत, सुरेश सिंगवाडिया, हरिनारायण गुर्जर, रामलाल चौधरी, प्रभु, किशन चौधरी, दामोदर बलाई व गोपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन जनों की मौत

■ पिता की मौत, बेटे की हालत गंभीर, एक ही गांव के दो लोगों ने दम तोड़ा

**बीकानेर, (निसं)।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार में बाइक चला रहे तीन युवकों की मौत हो गई। हादस में देर रात श्रीडूंगरगढ़ में दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। घायल युवकों को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रात करीब 10 बजे से एक बजे के बीच तीन युवकों ने दम तोड़ दिया।

दरअसल, श्रीडूंगरगढ़ के गांव लखासर के युवक नारायण सिंह और तख्तसिंह श्रीडूंगरगढ़ से लखासर की ओर जा रहे थे। वहीं, सामने से कोलायत तहसील के गांव गिरजसर निवासी मोतीराम नाई और उसका बेटा डूंगरराम नाई श्रीडूंगरगढ़ की ओर आ रहे थे। रात करीब 9.30 बजे हाइवे पर हेमासर फांटे के पास दोनों बाइक में की आमने सामने की टक्कर हो गई। दोनों बाइक पर चार लोग सवार थे। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इन्हें अस्पताल पहुंचाया। एम्बुलेंस ने घायलों को श्रीडूंगरगढ़ चिकित्सालय पहुंचाया। यहां पहुंचने पर रात करीब 10 बजे नारायण सिंह को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

बाकी तीनों घायलों को बीकानेर ट्रोमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बीकानेर ट्रोमा सेंटर पहुंचने से पहले रात करीब 12 बजे मोतीराम नाई ने भी दम तोड़ दिया। वहीं, ट्रोमा सेंटर में तख्तसिंह की हालत गंभीर हो गई। उसे जयपुर रेफर किया गया। परिजन उसे लेकर जयपुर रवाना हो गए थे। रास्ते में श्रीडूंगरगढ़ पहुंचते पहुंचते तख्तसिंह ने करीब 1 बजे दम तोड़ दिया।

घटना के चौथे घायल डूंगरराम की स्थिति भी गम्भीर है। वो ट्रोमा सेंटर के रेड एरिया में भर्ती है। लखासर के दो युवकों की मौत के बाद गांव में शोक की लहर छा गई है। सरपंच प्रतिनिधि गोवर्द्धन खिलेरी सहित गांव के लोग श्रीडूंगरगढ़ हॉस्पिटल पहुंचे है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

## आबकारी टीम पर हमला, सात घायल

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के सनोदिया गांव में आबकारी विभाग की टीम द्वारा एक मकान में अवैध शराब के स्टॉक पर की गई कार्यवाही के दौरान हुए हमले में आबकारी अधिकारी सहित 7 जवान घायल हो गये। तीन घायलों को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। हमले की सूचना मिलने पर डीवाईएसपी सुशील मान टोडारायसिंह अस्पताल पहुंचे। घायल आबकारी सहायक अधिकारी कैलाश प्रजापति, आबकारी थाना सीआई निर्मला चौधरी सहित घायल जवानों की कुशलक्षेप पूछी।

■ टीम द्वारा एक मकान में अवैध शराब के स्टॉक पर की कार्यवाही गई थी

आबकारी सीआई निर्मला चौधरी ने बताया कि सनोदिया गांव में एक घर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का स्टॉक होने की मुखबीर से मिली सूचना पर टीम के साथ दबिश की कार्यवाही की गई। इसी दौरान मौजूद लोगों ने टीम पर पत्थर व लाठियों से हमला कर दिया। तीन घायलों को जयपुर रैफर किया।

## एस.बी.सी. डिपो मैनेजर सात हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

### बिल काटने व चालान सेव करने के लिए मांगी थी मंथली, गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन (एस.बी.सी.) लिमिटेड के डिपो मैनेजर को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते मंगलवार को एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया। रिश्वतखोर मैनेजर शिकायकर्ता से आवंटित शराब की दुकान के माल का बिल काटने और चालान सेव करने की एवज में तीन हजार रुपए मंथली मांग परेशान कर रहा था।

अजमेर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने बताया कि एसीबी टीम ने कार्यवाही करते हुए सात हजार की रिश्वत लेते राजस्थान स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड के डिपो मैनेजर को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता द्वारा एसीबी को शिकायत दी गई कि आबकारी विभाग द्वारा आवंटित शराब की दुकान के माल का बिल काटने एवं चालान सेव करने की एवज में पिछले 3 महीने के प्रति माह 3 हजार रुपए बंदी के रूप में राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन के डिपो मैनेजर दीपक खत्री के द्वारा 9 हजार रुपए की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायतकर्ता से मिली शिकायत



**रिश्वतखोर डिपो मैनेजर खत्री**

का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को पुलिस निरीक्षक नरेश चौहान द्वारा परिवादी से 7 हजार की रिश्वत लेते डिपो मैनेजर दीपक खत्री को गिरफ्तार किया गया। आरोपी डिपो मैनेजर द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान परिवादी से 2 हजार रुपए की रिश्वत राशि के रूप में पहले ही वसूल ली थी। एसीबी गिरफ्तार किए गए डिपो मैनेजर से मामले में पूछताछ कर रही है। एडिशनल एसपी अतुल साहू ने बताया कि एसीबी के द्वारा आरोपी डिपो मैनेजर के आवास और अन्य ठिकानों पर भी तलाशी जारी है।

## पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

■ आरोपी पहले भी रिश्वत मामले में पकड़ा जा चुका है व दंडित हो चुका है

■ प्रतापगढ़ कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां के कनिष्ठ सहायक को पकड़ा

**उदयपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ इकाई ने प्रतापगढ़ कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां के कनिष्ठ सहायक को पचास हजार रूपये रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी पूर्व में भी रिश्वत लेने के मामले में न्यायालय द्वारा दण्डित हो चुका है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त पियदर्शी ने बताया कि एसीबी की चित्तौढ़ गढ इकाई परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि सहकारी समितियों की नवीन कार्यकारिणी के गठन के पश्चात सर्टिफाईड प्रतिलिपि देने की पत्रावली को क्लीयर करने की एवज में भागीरथ गोदारा कनिष्ठ हसहायक कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां प्रतापगढ द्वारा 50 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी ब्यूरो उदयपुर के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की चित्तौड़गढ़ इकाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सान्दू के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया।

इस पर ब्यूरों की टीम ने मंगलवार को प्रतापगढ़ में ट्रेप कार्यवाही करते हुए भागीरथ गोदारा पुत्र धन्नाराम निवासी धनकोली नागौर हॉल कनिष्ठ सहायक कार्यालय उप पंजीयक सहकारी समितियां प्रतापगढ़ को परिवादी से 50 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि आरोपी कनिष्ठ सहायक पूर्व में वर्ष 2002 में नागौर एसीबी द्वारा 2300 रूपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण में न्यायालय द्वारा आरोपी को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। उक्त मामले में सेवा से बर्खास्त होने के पश्चात न्यायालय के आदेश पर वापस सेवा में आया था। ब्यूरो टीम द्वारा आरोपी के मकान पर तलाशी की जा कर उससे पूछताछ की जा रही है।

## सामोद के पास कालबेलिया कच्ची बस्ती में लगी आग

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के गांव सामोद के पास बंदौल स्थित कालबेलिया कच्ची बस्ती में अज्ञात कारणों से मंगलवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से कालबेलिया कच्ची बस्ती के लगभग पांच कच्चे छप्पर जल कर राख हो गए। आग लगने से कच्चे छप्परों में रखा खाद्य सामान, कपड़े व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग ज्यादा फेलते देख स्थानीय लोगों ने अग्निशमन अधिकारी को सूचना दी।

अग्निशमन अधिकारी अर्जुन लाल



**सामोद के पास बंदौल स्थित कालबेलिया कच्ची बस्ती में आग लग गई।**

गुर्जर ने दो दमकलओं को मौके के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन कच्चे छप्परो में रखा सामान सब कुछ जल कर राख हो गया। घटनास्थल पर सामोद पुलिस भी पहुंची। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई गनीमत रही कि समय रहते कच्चे घरों से गैस सिलेण्डर को निकाल लिया। यदि सिलेण्डर अन्दर ही फट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आग लगने की घटना की सूचना पाकर विधायक रामलाल शर्मा परिवार से मिलने मोके पर पहुँचे। विधायक रामलाल शर्मा ने अग्नि पीड़ित परिवार के सदस्यों सुभाष मान, हीरालाल, मुकेश नाथ, महेंद्र नाथ, कमाल नाथ को ढाढस बँधवाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक रामलाल शर्मा ने मौक़े पर से ही उच्च अधिकारियों से बात कर इस घटना की जानकारी देते हुए तत्काल मदद करने की बात कही।

## छात्रा से अध्यापक ने की अश्लील हरकतें

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के भगत की कोठी स्थित एक निजी स्कूल में चल रही पांचवीं बोर्ड परीक्षा में छात्रा से सरकारी स्कूल अध्यापक ने अश्लील हरकतें की। बच्ची खुद एक निजी स्कूल में पढ़ती है। घटना सोमवार की सुबह हुई थी। बाद परीक्षा छुट्टी के बच्ची स्कूल पहुंची और अपने टीचर्स को यह जानकारी दी। फिर अभिभावकों को इसकी जानकारी दी गई। अब बच्ची के पिता की तरफ से सरकारी स्कूल अध्यापक के खिलाफ पॉक्सो में केस दर्ज करवाया गया है।

पुलिस निरीक्षक सुनील चारण ने बताया कि सोमवार को पांचवीं बोर्ड की परीक्षा की चल रही थी। एक निजी स्कूल में प्राईवेट स्कूल की बच्ची परीक्षा दे रही थी। सुबह की पारी में बच्ची कमरें में परीक्षा दे रही थी तब एक सरकारी स्कूल अध्यापक की ड्यूटी वहां पर थी। इस सरकारी स्कूल अध्यापक ने बच्ची से अश्लील हरकतें की। बच्ची इससे सहम सी गई।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पांच गिरफ्तार

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले की नादनपुर थाना पुलिस ने ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी के मामले में करीब 3 साल से फरार चल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रामअवतार बैरवा ने बताया कि बरई पुरा सरमथुरा निवासी पूरन पुत्र शिवदयाल कुशवाह, घड़ी सरमथुरा निवासी दयाराम पुत्र रामनारायण मीना, लीलोठी नादनपुर निवासी रिंकू पुत्र बुददु मीना, खैमरी निवासी भूरी सिंह पुत्र भवूतीराम मीना और गैंदापुरा निवासी राजबहादुर उर्फ पप्पू पुत्र सोनपाल मीना को गिरफ्तार किया है। इन्होंने ग्राम पंचायत ताजपुरा के ग्राम विकास अधिकारी (वी.डी.ओ. ) की पोर्टल आईडी व पासवर्ड हैक कर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2020 में ताजपुरा ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी सत्यवीर सिंह ने कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया था कि किसी ने उसकी पंचायत के पोर्टल आईडी व पासवर्ड हैक कर लिए गए हैं। हैक होने के बाद उस आईडी से 25 फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। आईडी से जो 25 फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए हैं वो ताजपुरा ग्राम पंचायत के रहने वाले नहीं थे। तभी से पुलिस मामले में सक्रियता से कार्य कर रही थी।

## ए.टी.एम. लूटने के प्रयास मामले में दो गिरफ्तार

**सूरजगढ़, (निसं)।** चिड़ावा बाईपास पर एसबीआई के एटीएम को लूटने की नाकाम कोशिश करने के मामले में पुलिस ने सफलता प्राप्त कर ली है। पुलिस ने इस मामले में शामिल हिसार हरियाणा के दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएचओ रविंद्र कुमार ने बताया कि एसबीआई बैंक के एटीएम के रख रखाव करने वाली हिताची पेमेंट सर्विसेज प्रालि कंपनी के प्रतिनिधि अभिषेक सेवदा ने थाने में मामला दर्ज कराया था कि अज्ञात लोगों ने सात अप्रेल की रात को सूरजगढ़ थाना इलाके के चिड़ावा बाईपास पर एसबीआई की एटीएम को तोड़कर उसमें से रूपए निकालने की कोशिश की। इस एटीएम में करीब 35 लाख 47 हजार रूपए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस आरोपियों से जुड़े इनपुट को जुटाते जुटाते हरियाणा के हिसार पहुंची। जहां से दो युवकों हिसार के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के 27 वर्षीय मोहन उर्फ मोनू पुत्र जयप्रकाश ब्राह्मण तथा इसी थाना इलाके के लाजपत नगर निवासी 24 वर्षीय तनीष ललित पुत्र धर्मपाल पंजाबी को राउंडअप किया और उनसे पूछताछ की। जिसमें उन्होंने इस वारदात में शामिल होना कबूला है। एसएचओ रविंद्र कुमार ने बताया कि इस वारदात में मोहन उर्फ मोनू तथा तनीष ललित के साथ दो और शातिर बदमाश थे। जो फरार चल रहे है। वारदात में एक कार को काम लिया गया था जो मनीष उर्फ मोनू तथा तनीष ललित अपने दोस्त से किराए पर बोलकर लेकर आए थे। इसी कार का पीछा करते करते पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

एसएचओ रविंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच में सामने आया कि बदमाशों ने एटीएम को तोड़ने से पहले काफी देर तक एक-डेढ़ किलोमीटर में इलाके की रैकी की। बार-बार चक्कर लगाती कार जब पुलिस को सीसीटीवी कैमरों में दिखी तो पुलिस को इसी कार पर शक हुआ और पुलिस ने कड़ी से कड़ी मिलाते हुए आरोपियों को दबोच लिया। वहीं प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि बदमाशों ने लगभग 90 प्रतिशत तक एटीएम को क्षतिग्रस्त कर लिया था। लेकिन इस दौरान पुलिस की गाड़ी की लाइट देखकर बदमाश हड़बड़ा गए और मौके से भाग छूटे। वारदात के बाद भी बदमाश अपने घर जाने की बजाय छुपते रहे। लेकिन पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को दबोच लिया है। वहीं दो अन्य आरोपियों को नामजद कर लिया है। वहीं पुलिस आरोपियों से वारदात में काम ली गई कार को भी बरामद की कोशिश कर रही है।

## तीन बच्चों के साथ मां कुएं में डूबी

**उदयपुर, (कासं)।** मवेशियों को लेकर जा रही महिला कुएं में गिरने पर उसके साथ दो पुत्र एवं पुत्री ने भी कुए में छलांग लगा दी। जिससे चारों की पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मा बेटे व बेटी को बाहर निकाल पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

प्रकरण के अनुसार पीडित दीताराम पुत्र कमजी गमेती ने निवासी गोडावन फला बछार थाना नाई ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मंगलवार सवेरे मेरी पत्नी नवली बाई, मेरे दोनों पुत्र अजय व मयंक तथा पुत्री चंचल कुमारी के साथ घर से सवेरे खेत पर मवेशियों के लिए घास लेने गई थी। बीच रास्ते में जनजाति छात्रावास के पास स्थित सरकारीकुए के पास से गुजरते हुए पाव फिसलने से मेरी पत्नी कुए में गिर गई। इसको देख तीनों बच्चे मां मां चिल्लाते हुए कुए में गिर गए। इसको देख हो हल्ला सुन कर ग्रामीणों की भीड इकठ्ठा हो गई।

इस पर मै भी मौके पर पहुंचा। जहां से पत्नी व बच्चों को बाहर निकाल उदयपुर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सभीको मृत घोषित कर दिया। इस पर थानाधिकारी श्यामसिंह रत्नू मय टीम ने मृतका के पीहर डोडावली से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## नरैना पालिका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पार्षद व आमजन धरने पर बैठे

### पार्षदों ने पालिका पर इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में अपने चहेतों को घर बैठे ही लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया

**नरैना, (निसं)।** नगर पालिका में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को वार्ड पार्षद विजय माचीवाल, रामप्रसाद शर्मा, गिरिराज नावरिया, कैलाश चंद शर्मा सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष नटवर पारीक, पंडित रामप्रकाश शर्मा, लादूराम साहू, राजू गुर्जर, गणपत, मोइनुद्दीन सहित काफी तादात में महिला-पुरुष 31 सूत्री मांगों को लेकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

पार्षदों ने नरेना नगर पालिका पर इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में अपने चहेतों को घर बैठे ही लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। वहीं नगर पालिका चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी के द्वारा पार्षदों का फोन नहीं उठाने के भी आरोप लगाए हैं। पार्षदों ने बताया कि नगर पालिका में हो रही अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत से जिला कलेक्टर, स्वायत्त शासन विभाग और उपखंड अधिकारी

■ दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की

को भी अवगत करा चुके हैं बावजूद मामले की जांच नहीं कराई गई। ऐसे में आक्रोशित पार्षद और कस्बेवासी नगरपालिका के बाहर भ्रष्टाचार की जांच कराने सहित 31 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे।

इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन धन्नालाल जाट, कनिष्ठ अभियंता दिनेश मीणा आदि ने धरने पर बैठे वार्ड पार्षद और ग्रामीणों से समझाइश की परंतु वार्ड पार्षद व कस्बेवासी उच्च अधिकारियों से मिलकर वार्ता करने के व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसी के साथ पार्षदों ने अधिशाषी अधिकारी के नाम कनिष्ठ अभियंता को क्रमिक पर बैठने बाबत ज्ञापन सौंपा।



**धरने पर बेठे हुए पार्षद व कस्बेवासी।**

# प्रदेश में एक ही दिन में साढ़े पांच सौ के करीब नए करोना संक्रमित मिले

## जयपुर में सर्वाधिक 135 नए मरीज सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण के मामलों में वृद्धि हुई है। इसके तहत पिछले चौबीस घंटों में साढ़े पांच सौ के करीब नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच करोना से दो लोगों की मौत भी हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को 27 जिलों में 547 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 379 रोगी पाए गए थे। इधर आज राज्य में सबसे ज्यादा

■ **जयपुर और झालावाड़ में करोना से 1-1 मरीज की मौत हुई है।**

135 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा भरतपुर में 69, अलवर में 50, नागौर में 43, जोधपुर में 42, बीकानेर में 32, उदयपुर में 22, चित्तौड़गढ़ में 20, सीकर में 19, अजमेर में 18, राजसमंद में 12, दौसा में 11, डूंगरपुर व सवाई माधोपुर में 9-9, जालोर में 8, गंगानगर व झालावाड़ में 7-7, बांसवाड़ा, बूंदी, जैसलमेर, प्रतापगढ़ व भीलवाड़ा में 5-5, हनुमानगढ़ में 3, धौलपुर व झुंझुनूं में 2-2, चूरू व पाली में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच प्रदेश में 12 हजार 71 कोविड जांच की गई।

उधर प्रदेश में 235 संक्रमित ठीक हुए हैं। हालाकि नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 2858 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 781 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से जयपुर और झालावाड़ में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9685 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन पर 213 यूनिट रक्तदान

**जयपुर**, (का.सं.)। विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिवस पर प्रदेश व्यापी रक्तदान महाअभियान के क्रम में राजधानी के करधनी क्षेत्र में भाजपा युवा नेता सानंद ओझा के सानिध्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर कर 213 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदान कार्यक्रम का शुभारम्भ राजेंद्र राठौड़ ने फीता काटकर और सालासर बालाजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। राठौड़ ने आयोजनकर्ता सहित रक्तदान करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता सानंद ओझा ने नेता प्रतिपक्ष राठौड़ को श्री सालासर बालाजी की प्रतिमा भेंटकर व केक कटवा कर बधाई दी।

# 5100 दीपकों से ताड़केश्वर मंदिर में हुई महाआरती



**सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा मनाये जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अन्तर्गत आज चौड़ा रास्ता स्थित भगवान ताड़केशवर मंदिर में 5100 दीपकों से महाआरती का आयोजन किया गया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा मनाये जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अन्तर्गत आज चौड़ा रास्ता स्थित भगवान ताड़केशवर मंदिर में 5100 दीपकों से महाआरती का आयोजन किया गया।

सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष सविता शर्मा ने बताया कि महासभा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्रजनों ने महाआरती में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा को ओर अधिक बढा दिया। वहां उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं विप्रजन ने भगवान परशुराम एवं ताड़केश्वर नाथ के जयकारे लगाकर महाआरती के महोत्सव को और अधिक मंगलमय बना दिया। मंदिर में शंख, घंटी, घड़ियाल बज रहे थे एवं पंडित सस्वर पाठ कर रहे थे।

इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि भगवान शिव और भगवान परशुराम का शास्त्रों में अलग-अलग चित्रण मिलता है जो कि प्रेरणास्पद है और भगवान परशुराम जयंती में आयोजित सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज का हित एवं कल्याण स्वरूप कदम उठाना है। इस अवसर पर भगवान ताड़केश्वर का विशेष श्रृंगार भी किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, आयोजन समिति के जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कमलेश शर्मा, जयपुर शहर युवा अध्यक्ष अविकुल शर्मा , प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री,युवा जयपुर महिला अध्यक्ष पूजा शर्मा, नीलम मिश्रा, गीता शर्मा, लता शर्मा , लक्ष्मी शर्मा , लता शर्मा , गीता शर्मा , सरिता शर्मा , विजय भास्कर, अरविन्द मिश्र, हरिष मिश्रा, अशोक शर्मा सांगानेर, कैलाश शर्मा, हवामहल अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, पं. विश्णु दत्त शर्मा, राघव शर्मा, अशोक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में युवा व महिलायें उपस्थित थी।

# जयपुर में स्वच्छता की शपथ ली



**सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा 10 से 24 अप्रैल तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय जयपुर द्वारा पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया सभागार में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय द्वारा 10 से 24 अप्रैल 2023 तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय जयपुर द्वारा पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया सभागार में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया।

केंद्रीय संचार ब्यूरो एंव पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने आल इण्डिया रेडियो के निदेशक नीलेश कालभोर, दूरदर्शन के निदेशक अभियांत्रिकी एच.पी. मीणा, पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक पवन फौजदार, ऑल इण्डिया रेडियो के संयुक्त निदेशक राम खिलाड़ी मीणा, दूरदर्शन की समाचार प्रमुख मंजू मीना, ऑल इण्डिया रेडियो के कार्यक्रम प्रमुख रामकरण मीणा, दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मण व्यास, सी.बी.सी के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा तथा पीआइबी, केंद्रीय संचार ब्यूरो के कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार में जुटे सतीश पूनियां

**जयपुर**। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा के विजय संकल्प अभियान में जुटे राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बेंगलुरु के दोडबल्लापुर में विशाल नामांकन रैली में शामिल होकर संबोधित किया। डॉ. पूनियां ने बेंगलुरु के दोडबल्लापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी धीरज मुनिराज की विशाल नामांकन रैली में शामिल होकर भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजय बनाने का आह्वान किया। कर्नाटकवासियों को सतीश पूनियां ने कहा कि राजस्थान से आप लोगों के बीच में भाजपा को विजयी बनाने, आपका आशीर्वाद और समर्थन मांगने के लिए आया हूं, कर्नाटक से राजस्थान तक एक ही आवाज है कि कर्नाटक में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी और आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की सरकार बनेगी। गौरतलब है कि नामांकन रैली में उमड़े भारी जनसैलाब के बीच भारत माता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई इत्यादि के नारों की गूंज सुनाई दी।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की जन आक्रोश महासभाओं से दूरी

## राजे आज से तीन दिवसीय बीकानेर दौरे पर

**जयपुर**। प्रदेश में चुनावी साल होने के बाद भी अदावत अभी कम होने का नाम नही ले रही है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुधरा राजे ने अभी भी संगठन के कार्यों से दूरी बना रखी है। वहीं भाजपा जनआक्रोश महासभाओं के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जाकर सभाएं कर रहे हैं। वहीं मंगलवार को बीकानेर में जन आक्रोश महासभा की सभा को सम्बोधित को प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने किया।

वही पहले राजे ने जनआक्रोश यात्राओं से भी दूरी बना रखी थी। वहीं मंगलवार को बीकानेर में जनआक्रोश महासभा होने के बाद भी उपस्थित नहीं होकर अब ठीक एक दिन बाद बुधवार से तीन दिवसीय बीकानेर दौरे पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुधरा राजे रहेगी। इस दौरान वे बीकानेर, श्रीगंगानगर जिलों में दौरा करेंगी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस दौरान सूरतगढ़ में रात्रि विश्राम करेंगी। 20 अप्रेल को सुबह आमजन और राजनेताओं से मुलाकात करेंगी। दोपहर 1 बजे बिश्नोई सभा समिति के कार्यक्रम में भाग लेंगी। वापसी में 3 बजे रवाना होकर 6 बजे बीकानेर पहुंचेंगी। रात्रि विश्राम बीकानेर में करेगी और 21 अप्रेल को सुबह 9:30 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगी।



**विश्व विरासत दिवस के अवसर पर मंगलवार को हवामहल प्रशासन ने पर्यटकों का तिलक लगाकर स्वागत किया।**

# मनमोहन हर्ष ने जीता 'फर्स्ट रनर अप' प्राइज



मनमोहन हर्ष

**जयपुर** (का.सं.)। स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 जनवरी 2023) पर यूथिस्थान फाउंडेशन, नई दिल्ली की ओर से आयोजित नेशनल लेवल आर्टिकल राइटिंग कॉम्पिटिशन 'द ट्रेलब्लेजर्स 2023' में राजस्थान के मनमोहन हर्ष ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर 'फर्स्ट रनर अप' पुरस्कार जीता है।

मनमोहन हर्ष के स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित आलेख स्वामी विवेकानंद का जीवन संदेश सकारात्मक ध्वनियों-सद्विचारों का सार्वभौमिक कोष को कॉम्पिटिशन के निर्णायक मंडल की ओर से शीर्ष दो आलेखों में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर यूथिस्थान फाउंडेशन की ओर से हर्ष को 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस, ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। राजस्थान सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी मनमोहन हर्ष, वर्तमान में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर में उप निदेशक (जनसम्पर्क) के पद पर कार्यरत है। हर्ष, गत 33 वर्षों से देश की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में स्वतंत्र लेखक, स्तंभकार और टिप्पणीकार (फ्रीलांसर) के रूप में खेल और समसामयिक विषयों पर निरंतर अपना योगदान दे रहे है।

इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में पूरे देश से आठ भाषाओं में लगभग 600 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। कॉम्पिटिशन में स्कूली विद्यार्थियों से लेकर प्रोफेसर तथा प्रोफेशनल्स से लेकर रिटायर्ड सिविल सर्वेंट्स जैसे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इसमें गर्ल्स और महिलाओं की भागीदारी सर्वाधिक रही। यूथिस्थान फाउंडेशन द्वारा 21वीं सदी में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता, देश की प्रगति के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद के कथन 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाएं' का युवाओं के लिए महत्व और भारत के पुनरुत्थान के शिल्पकार के रूप में विवेकानंद के योगदान की थीम पर आलेख आमंत्रित किए गए थे।

# 'विशेषज्ञ कमेटी विवादित प्रश्न-उत्तर की जांच करे'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन बोर्ड को आदेश दिए हैं कि वह बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती-2022 के जिन प्रश्न-उत्तरों की चुनौती दी गई है, उनकी जांच के लिए विषय विशेषज्ञ की कमेटी बताए। इसके साथ ही कमेटी की रिपोर्ट पर छह सप्ताह में पुनः परिणाम जारी करे। अदालत ने भर्ती में ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस व सामान्य महिला को पांच फीसदी अतिरिक्त छूट देने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि जो अभ्यर्थी नियुक्त हो चुके हैं, वे प्रभावित नहीं होंगे। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश राजेश कुमार मीणा व अन्य की याचिका पर दिए।

■ **कमेटी को छह सप्ताह में पुनः परिणाम जारी करने का आदेश**

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक के 9862 पदों के लिए वर्ष 2022 में भर्ती निकाली थी। जिसकी लिखित परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई। वहीं बाद में चार जुलाई को मॉडल उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी गई। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने भी आपत्तियां दर्ज कराई। इस पर बोर्ड ने 31 अगस्त को अंतिम कुंजी जारी कर परिणाम घोषित कर दिया। याचिका में कहा गया कि बोर्ड ने कई प्रश्नों के उत्तर बदल दिए और कई प्रश्नों को डिलीट कर दिया। इसके चलते याचिकाकर्ता चयन से वंचित हो गए। प्रत्येक प्रश्न पत्र में 40 फीसदी अंक लाने जरूरी थे लेकिन विवादित प्रश्न-उत्तरों के कारण याचिकाकर्ता तय अंक नहीं ला पाए। भर्ती के पद अभी भी खाली हैं, इसलिए कमेटी बनाकर विवादित प्रश्न-उत्तरों की जांच करवाई जाए और दोबारा परिणाम जारी किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने विशेषज्ञ कमेटी गठित कर उसकी रिपोर्ट के आधार पर पुनः परिणाम जारी करे।

## नशीली दवाइयों के तस्करों को दस साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने अवैध मादक पदार्थ कोडीन फास्फेट की नशीली दवाइयों की तस्करी से जुड़े मामले में तीन तस्करों मोहन शर्मा, चेतन प्रकाश नानकानी व नारायण दास त्रिलोकानी को दस-दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्तों पर नौ लाख साठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जबकि मामले में एक आरोपी सुशील करनानी जमानत मिलने के बाद से ही फरार चल रहा है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्तों ने आपराधिक षडयंत्र रचकर अवैध मादक पदार्थ व नशीली दवाइयों को रखने व परिवहन करने का काम किया है, जबकि उन्हें इस अपराध का पूरा ज्ञान था। ऐसे में उनके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर खंडेलवाल ने बताया कि औषधि नियंत्रण विभाग ने 10 नवंबर, 2017 को एसओजी में मामला दर्ज कराया।

# मारूति सुजुकी ने पेश की नई शक्तिशाली 'सुपर कैरी'

**जयपुर**, (कासं)। मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने हल्के कॉमर्शियल वाहन सुपर कैरी का उन्नत संस्करण पेश करने की घोषणा की है। बेहतर गुणवत्ता और प्रदर्शन को महत्व देने वालों के लिए निर्मित, सुपर कैरी अब मारूति सुजुकी के उन्नत 1.2 लीटर, के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन द्वारा संचालित है।

मारूति सुजुकी का सुपर कैरी मिनी-ट्रक 4 सिलेंडर इंजन द्वारा संचालित है, जो अब पेट्रोल मॉडल में 6000 आरपीएम पर 59.4 किलोवाट की अधिकतम पावर और 2900 आरपीएम पर 104.4 एनएम का अधिकतम टॉर्क के साथ बेहतर प्रदर्शन प्रदान करता है।

नए इंजन को उन्नत फाइव-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है, जो बेहतर ग्रेडेबिलिटी प्रदान करता है जिससे ग्राहको को पहले की तुलना में अधिक बेहतर ग्रेडिएंट ड्राइव का अनुभव मिलता है।

मारूति सुजुकी के मार्केटिंग एंड सेल्स शाखा के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि मारूति सुजुकी हमेशा ऐसे उत्पादों को पेश करने में भरोसा रखती है, जो ग्राहको की अपेक्षाओं से कहीं अधिक हो। भारतीय मिनी-ट्रक ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के लिए निर्मित सुपर कैरी को कमर्शियल वाहन खंड में अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है, 2016 में लॉन्च होने के बाद से इसकी 1.5 लाख यूनिट्स बिक चुकी है। नई सुपर कैरी ग्राहको को एक उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करना आगे भी जारी रखेगी।

शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि नई सुपर कैरी के लॉन्च के साथ, मारूति सुजुकी ने एक नया सीएनजी कैब चेसिस वेरिएंट भी पेश किया है। ये मिनी ट्रक सीएनजी डेक, गेसोलाइन डेक और गैसोलाइन कैब चैसिस वेरिएंट में उपलब्ध है।

## पूर्व सीजे करेंगे एडीजे भर्ती की कॉपी जांच

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने एडीजी भर्ती-2020 में वकील कोटे के 85 पदों में से केवल चार अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चयनित करने से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर को याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की कॉपी जांचने को कहा है। अदालत पूर्व सीजे को कहा है कि वे कॉपियों का रेंडम चयन कर उनकी जांच करें। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश प्रदीप मलिक व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि साक्षात्कार में पदों के चार गुणा अभ्यर्थियों के बजाए सिर्फ चार अभ्यर्थियों को ही बुलाया गया।

## जेवरात के साथ दो चोर पकड़े

**जयपुर** । भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चुराए गए जेवरात सहित वारदात में प्रयुक्त एक बिना बाइक जब्त की है।

थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया आरोपित नासिर उर्फ नस्सू (32) और जमीन अहमद उर्फ बेवडा (70) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर हाल खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया गया है।

# सुकन्या समृद्धि खातों में सांसद बोहरा ने डलवाये 5-5 हजार रुपए

**जयपुर**। सांसद रामचरण बोहरा ने भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जयपुर जीपीओ मं 40 से अधिक बच्चियों के सुकन्या समृध्दि खाते खुलवाए एवं खातों में 5-5 हजार रुपए की एफडी करवाई। इस दौरान सांसद बोहरा ने महिलाओं को महिला सम्मान बचत पत्र भी वितरित किए और 'पाती डाकिया को' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। जैन सोशल ग्रुप के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर सांसद बोहरा ने कहा कि आज जिन कन्याओं के खाते खुलवा कर एफडी कराई जा रही है, उनके माता-पिता को हर वर्ष उन कन्याओं के खाते में मात्र 250-250 रुपये जमा कराने होंगे एवं जब वह बालिग हो जाएगी तब वह स्वयं पैसे निकाल सकती हैं। इस पैसे से बालिका की पढ़ाई लिखाई एवं शादी-ब्याह आदि में मदद मिलेगी। सांसद बोहरा ने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र योजना की भी शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत महिलाओं को 2 लाख रुपए तक की राशि खाते में जमा कराने पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, यह ब्याज बैंकों द्वारा देय ब्याज से अधिक है। सांसद बोहरा ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि जिन महिलाओं को आज सम्मान पत्र वितरित किए जा रहे हैं, उनमें से किसी महिला ने 75 हजार तो किसी ने 1 लाख रुपए खाते में जमा करवाएं हैं, इससे यह पता चलता है कि भारत की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है, केंद्र सरकार इसी तरह महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए योजनाएं लाती रहेंगी और हम नारी सशक्तिकरण की तरफ इसी तरह मजबूत होते रहेंगे।



**सांसद रामचरण बोहरा ने भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में जयपुर जीपीओ में 40 से अधिक बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाए एवं उनमें 5-5 हजार रुपए की एफडी करवाई।**

## दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त दिवाकर पांडे को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने बिहार निवासी इस अभियुक्त पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा की नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि पीड़िता की मां ने 11 मई, 2019 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी लापता हैं। उसने अपने साथ एक फैक्ट्री में काम करने वाले दिवाकर पर शक जताया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जनवरी, 2020 में अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। सुनवाई के दौरान अदालत के आमने आया की अभियुक्त पंद्रह वर्षीय पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने गांव ले गया था। यहां उसके उसे करीब 7 माह अपने साथ रखा और उसके साथ कई बार संबंध बनाए। इस दौरान अभियुक्त शादी के लिए उसे कोर्ट भी लेकर गया, लेकिन पीड़िता के नाबालिग होने के चलते उनकी शादी नहीं हो सकी।

# आयुक्त अरोड़ा ने आवास योजनाओं की प्रगति जानी

**जयपुर** (कासं)। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने मंगलवार को आवासन मंडल मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक लेकर प्रदेश भर में चल रही आवासीय-व्यवसायिक व नवीन योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की।

आयुक्त ने कहा कि प्रदेश के 17 शहरों में 1 मार्च को लांच की गई नवीन आवासीय योजनाओं के प्रति लोगों ने खासा उत्साह दिखाया है। जयपुर शहर में अपार्टमेंट और विलाज के प्रति भी लोगों में गजब का आकर्षण देखने को मिला। उन्होंने 12 योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा 13 योजनाओं के लिए लॉटरी निकालने के निर्देश भी दिए। अरोड़ा ने लॉटरी से वंचित रहे उपभोक्ताओं की राशि तुरंत रिफंड करने के भी निर्देश दिए।

# कर्ज के बोझ के चलते लूट की झूठी कहानी रची



थाना सदर झालावाड़ में परिक्रमा रोड पर पुलिया के नीचे हुई लूट की वारदात का के आरोप में दो जनों को गिरफ्त में लिया।

- फरियादी ही निकला मुख्य साजिशकर्ता
- लूट की वारदात का तीन घन्टे में फर्दाफाश किया
- दो अभियुक्त गिरफ्तार कर लूट के 5 लाख रूपये बरामद किये
- 50 सी.सी.टी.वी. कैमरों की फुटेज को खंगाला जाकर 70 पुलिस जवानों की टीम ने कार्यवाही को अंजाम दिया

**झालावाड़** (निसं)। थाना सदर झालावाड़ में सोमवार शाम को परिक्रमा रोड पर पुलिया के नीचे हुई लूट की वारदात का पुलिस द्वारा घटना घटित होने के तीन घन्टे की अवधि के अन्दर फर्दाफाश कर सुजीत पाटीदार पुत्र सत्यनारायण पाटीदार (24) निवासी काला काकरा धनवाडा रोड, दीपक पाटीदार पुत्र राधेश्याम (20) निवासी छप्पन दरवाजा पिडावा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की राशि पांच लाख रुपये बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि धनवाडा झालावाड़ निवासी सुजीत पाटीदार कन्सट्रक्शन की ठेकेदारी का काम करता है सोयत व पिडावा में कन्सट्रक्शन के काम चल रहे हैं जिनके कलेक्शन की राशि नौ लाख लेकर वह उसकी कार से मेला मैदान परिक्रमा रोड झालरापाटन होता हुआ झालावाड आ रहा था कि उम्मेदपुरा गांव के पास हाईवे की पुलिया के नीचे एक मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात व्यक्ति मुंह पर पट्टी बांधकर मोटरसाइकिल को कार के सामने आडी लगा दी तथा बंदूक दिखाकर कार की डिक्की में रखे पांच लाख लेकर भाग गए। शेष चार लाख सीट के नीचे होने से बच गए। परिवादी की रिपोर्ट पर लूट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अज्ञात मुलजिमान की तलाश पतारसी प्रारंभ की गई।

दिनदहाडे हुई लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात मुलजिम की तलाश हेतु चिरंजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन व बृजमोहन मीणा पुलिस उप अधीक्षक वृत झालावाड के सुपर विजन में महावीर सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना झालरापाटन व विजय सिंह थानाधिकारी थाना सदर झालावाड़ के नेतृत्व में अलग- अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा परिवादी के आने के रास्तों में लगे सीसीटीवी व टोल नाके के फुटेज खंगाले गये। जिस पर फरियादी के आगे-पीछे कोई संदिग्ध नजर नहीं आया व सोयत से झालावाड जाने के लिए सीधा रास्ता होने के बावजूद मेला मैदान परिक्रमा रोड होते हुए परिवादी का झालावाड़ जाना व व्यस्ततम मार्ग पर दिनदहाडे मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों द्वारा कार रुकवा कर लूट की वारदात किया जाना संदिग्ध प्रतीत होने पर परिवादी से इस संबंध में मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो वह टूट गया तथा लूट की राशि पांच लाख स्वयं के परिचित दीपक पाटीदार को देकर आना तथा कर्ज के बोझ के चलते लूट की झूठी कहानी गढ़ना बताया।

परिवादी द्वारा लूट की झूठी कहानी रच कर अपराध का दुष्प्रेरण किया जाना पाए जाने पर परिवादी अभियुक्त को प्रकरण में गिरफ्तार कर उसकी निशादेही से लूट की संपूर्ण राशि पांच लाख रुपये बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि उसका झालावड़ व मध्यप्रदेश में साझेदारी में कन्सट्रक्शन के काम चल रहे हैं वह आए दिन साइटों से कलेक्शन के रुपये झालावाड लेकर आता रहता है। एक दो जगह पेमेंट अटक जाने से उसके ऊपर चार-पांच लाख रु का कर्ज हो रहा है।

पिछले कुछ दिनों से रुपए मांगने वाले काफी दबाव बना रहे थे परंतु कहीं से पेमेंट नहीं आने के कारण वह मांगने वालों को पैसे नहीं लौटा पा रहा था कर्ज मांगने वालों को पैसा चुकाने के लिए उसने लूट की झूठी घटना स्वीकार किया है।

# गर्भवती महिलाओं को 150 पोषाहार किट वितरित किए



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं को पोषाहार किट वितरित किये।

**रामगंजमंडी** (निसं)। मंगलम सीमेंट मोडक द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस एवं शक्ति दिवस कार्यक्रम में एनीमिया मुक्त राजस्थान में अपनी भागीदारी निभाते हुए मंगलम स्टॉफ क्लब में आसपास के क्षेत्र से आई हुई गर्भवती महिलाओं को स्वयं की एवं उनके होने वाली संतान के अच्छे स्वास्थ्य के लिए 150 पोषाहार किट वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामगंजमंडी कनिष्क कटारिया रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलम सीमेंट के उपाध्यक्ष के.आर. रावत व एच.आर. हेड आर.पी. सिंह ने मुख्य अतिथि उप जिला कलेक्टर रामगंजमंडी कनिष्क कटारिया, विकास अधिकारी खैराबाद अशोक व ब्लॉक चीफ मेडिकल ऑफिसर रामगंजमंडी रईस खान व सीएचसी मोडक के चिकित्सा अधिकारी गिरिराज अग्रवाल को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक चीफ मेडिकल ऑफिसर रामगंजमंडी रईस खान व सीएचसी मोडक के चिकित्सा अधिकारी गिरिराज अग्रवाल ने आई हुई गर्भवती महिलाओं को उनके व उनके संतान के स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां दी।कार्यक्रम की व्यवस्था में मंगलम सीमेंट के डॉक्टर उमाशंकर व सी.एस.आर. अधिकारी सीमा श्रीवास्तव व सतीश शर्मा थे।कार्यक्रम के अंत में एच.आर हेड आर पी. सिंह ने पधारे हुए अतिथियों एवं गर्भवती महिलाओं में उनके परिवार जनों का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### जेल में रोजेदारों के लिए जिला वक्फ बोर्ड कर रहा इफ्तारी की व्यवस्था



**बूंदी** (निसं)। जिला केंद्रीय कारागृह तालाब गांव में विभिन्न मामलों में विचाराधीन एवं सजा काट रहे रोजेदारों के लिए जिला वक्फ बोर्ड की ओर से रोजाना शाम के समय रोजा इफ्तारी की व्यवस्था की जा रही है। प्रतिदिन शाम को रोजा इफ्तार में प्रयोग की जाने वाली सामग्री फल फ्रूट आदि नियमित तौर पर तालाब गांव स्थित केंद्रीय कारागार में पहुंचाया जा रहे हैं। जिला वक्फ बोर्ड चेयरमैन इकरामुद्दीन बबलू ने बताया कि विभिन्न समाजसेवीयों की मदद से प्रतिदिन जिला वक्फ बोर्ड के उपाध्यक्ष हारून खान जेल में बंद रोजेदारों के रोजा इफ्तारी पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान व्रत उपवास करने वाले कैदियों के लिए भी जिला वक्फ बोर्ड की ओर से फल फ्रूट एवं फलहारी आइटम उपलब्ध करवाए गए थे।

### 'धरने पर बैठे लोगों पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करना निंदनीय'

**बूंदी** (निसं)। विगत दिनों बजरी के बसोली रॉयल्टी ठेकेदारों द्वारा बड़ा नया गाँव निवासी ट्रेक्टर चालक हरिसिंह की बेरहमी से मारपीट कर हत्या करने उपरांत परिवार को आर्थिक सहायता एवं मुआवजे सम्बंधित मांगो को लेकर हिंडोली पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठे लोगों पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने की भाजपा नेता ओम धगाल ने कड़े शब्दों में निंदा की है। धगाल ने कहा कि पूरे राजस्थान में वर्तमान में बजरी माफियाओं का बोलबाला है। बजरी माफियाओ का राज्य सरकार का सरंक्षण प्राप्त है। जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद है। इसी कड़ी में बड़ा नया गाँव निवासी मृतक हरिसिंह जो कि एक बेहद निर्धन परिवार से सम्बंध रखता था उसकी बड़ी बेरहमी से रॉयल्टी के ठेकेदारों द्वारा हत्या कर दी गयी।जिस को लेकर हिंडोली पुलिस थाने के बाहर मृतक हरिसिंह के शव को रखकर परिजनों के साथ शान्तिपूर्ण तरीके से परिवार को आर्थिक सहायता ,सरकरी नोकरी एवं मारपीट करने वालो पर 302 में मुकदमा दर्ज कर सजा दिलवाने के लिए 3 दिन तक धरना दिया था। भाजपा नेता ने कहा कि धरने के दौरान किसी तरह का कोई सड़क जाम नही किया गया न ही किसी पुलिस क्रमिक से अभद्रता की गई। लेकिन इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक के भाई सहित 12 लोगो पर झूठा मुकदमा दर्ज करना लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। धगाल ने राजनीतिक द्वेष भावना से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मृतक के भाई पर किये गए मुकदमे की कठोर शब्दों में निंदा की है एवं पुलिस प्रशाशन से मुकदमे वापस लेने की मांग की है।

### कूलर में करंट आया, चपेट में आने से मौत

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के भूलोन गांव में मंगलवार सुबह मकान 11 केवी लाईन का करंट उतर जाने के चलते कूलर में आए करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। विवाहिता की मृत्यु से भूलोन गांव में मातम छा गया। पुलिस ने पति की रिपोर्ट पर मृग दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं। भूलोन में क्लिनिक संचालक सतीष षर्मा के अनुसार मंगलवार सुबह उनकी पत्नी हेमा षर्मा (35) झाडू लगा रही थी कि अचानक कूलर के पास सफाई करते कूलर से चिपक गई। उनके बाऊजी ने भी उसे छुडाने का प्रयास किया तो वह भी झटका खा गए। जैसे-तैसे उसको कूलर से अलग किया तो उसकी मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी। छबडा चिकित्सालय लाकर मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। विधायक सिंघवी ने मामले की जांच में दोषी पाए जाने पर अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं राज्य सरकार से मृतका के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग की।

### विद्युत स्पार्किंग से आग लगी

**छबड़ा** (निसं)। नूरपुरा नयागांव व निपानियां गांव में विद्युत स्पार्किंग से लगी आग के कारण भारी मात्रा में मक्का की कडप जलकर स्वाह हो गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पाया और आग को बढ़ने से रोका। फायर प्रभारी रवि यादव ने बताया कि पाली थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र गालव की सूचना पर नूरपुरा नयागांव में पहुंचे यहां कमलसिंह व मांगीलाल के मकान के पास रखे लगभग दो ट्रोली मक्का की कड़प व सूखे गोबर के छाने अज्ञात कारणो से लगी आग के कारण जलकर स्वाह हो गए। इसी प्रकार, निपानिया गांव में सरपंच हरिसिंह मीणा के खेत में विद्युत स्पार्किंग से अचानक आग लग ग । मौके पर पहुंचकर उन्होने भूसे के दो ढेर को आग की चपेट में आने से बचा लिया। इस अवसर पर वाहन चालक गजेंद्र शर्मा, फायरमेन सत्यप्रकाश मेघवाल, धनराज महावर एवं गिर्राज नागर मौजूद रहे।

### अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई

**छब्ड़ा** (निसं)। आबकारी व पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से लक्ष्मीपुरा गांव में अवैध हथकढ़ षराब के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 30 भट्टियां व पांच हजार लीटर वॉष मौके पर नश्ट की गई और 22 लीटर अवैध हथकढ़ षराब मौके पर से जब्त कर तीन अभियोग भी दर्ज किए गए। कार्रवाई में अतुल अग्रे आबकारी अधिकारी आबकारी निरोधक दल जोन कोटा, छबड़ा सीआई छुट्टनलाल मीणा, प्रहराधिकारी कोटा उत्तर गुलाब नबी, प्रहराधिकारी बारां प्रमोद सिंह, प्रहराधिकारी छबड़ा मदनलाल मीणा, एसआई प्रेमसिंह सहित आबकारी निरोधक दल सिपाही जगदीश प्रसाद गुर्जर, रामदयाल नागर, सत्यनारायण मीणा, बलवंतसिंह एवं कोटा, बारां, छबड़ा टीम, पुलिस जाप्ता एवं होमगार्ड सिपाही षामिल रहे।

# मेघवाल समाज का चतुर्थ राष्ट्रीय अधिवेशन 23 को

**छबड़ा** (निसं)। राष्ट्रीय मेघवाल परिषद की तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन संपन्न हुई, जिसमें रविवार को छीपाबड़ौद में आयोजित होने वाले चतुर्थ राष्ट्रीय अधिवेषन की तैयारियों पर चर्चा की गई।

तहसील अध्यक्ष गोपाललाल मेघवाल ने बताया कि अधिवेशन संयोजक एवं परिषद के संस्थापक नंदलाल केसरी ने कहा कि छीपाबड़ोद में राष्ट्रीय अधिवेशन में राजस्थान सरकार से मेघवाल विकास बोर्ड गठित किए जाने एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे मृत्युभोज बंद करने, बाल विवाह रोकने, नशा मुक्तिए बालिका शिक्षा, सामूहिक विवाह अपनाने, छात्रावास निर्माण करने सहित अनेक प्रस्ताव लिए जाएंगे। अधिवेशन में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक शैक्षणिक एवं समाजसेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का डॉ. अंबेडकर, संत कबीर, बाबा रामदेव महाराज, स्वामी गोकुलदास महाराज राष्ट्रीय सेवा सम्मान-2023 से सम्मानित किया सजाएगा।

इस अवसर पर टोंक के प्रसिद्ध जादूगर करतब दिखाएंगे तथा पचोर मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायक महेश मालवीय भजनों की प्रस्तुति देंगे अधिवेशन में मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली सहित प्रदेशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। अधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनसिंह जादम भोपाल करेंगे। षुभारंभ कबीर आश्रम कोटा के रहस्य साहिब करेंगे। मुख्य अतिथि विधायक प्रतापसिंह सिंघवी एवं पूर्व मंत्री कमसा मेघवाल (भोपालगढ़) रहेगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री बद्रीलाल मेघवाल कोटा, केशोरायपाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल,द बारां विधायक पनाचंद मेघवाल, डग विधायक कालूराम मेघवाल एवं पूर्व विधायक मदनलाल वर्मा, पूर्व विधायक रामपाल मेघवाल, बूंदी से पूर्व विधायक घांसीलाल मेघवाल, कोटा जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, कोटा कलेक्टर ओपी बुनकर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि मेहरड़ा, खैराबाद प्रधान कलावती, ओम फौजी, उपजिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्रपाल वर्मा, ज्ञान ज्योति निशुल्क कोचिंग के निदेशक राहुल वर्मा उदयपुर, मेघवाल परिषद के मध्यप्रदेश अध्यक्ष अनारसिंह वर्मा, गुजरात अध्यक्ष महेंद्र मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

# आवारा सांड ने जनाना अस्पताल के गार्ड को घायल किया



शहरवासियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**बूंदी** (निसं)। शहर में आवारा पशुओं, श्वानो का आतंक इतना बढ़ गया है की आए दिन लोगों को घायल कर रहे है। मंगलवार दोपहर जिला अस्पताल के जनाना में कार्यरत गार्ड रामसहाय को वहां मौजूद सांड ने अपने सिंग से उठाकर फेंक दिया। रामसहाय को अचेतावस्था में ट्रोमा में ले जाकर भर्ती कराया।

वहीं सोमवार शाम नरू की बावडी के पास अफजल अली को सांड ने बूरी तरह घायल कर दिया, गंभीर घायल अवस्था में अफजल को जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रैफर कर दिया।जिसको लेकर शहरवासियों ने आक्रोश जताते हुए एडीएम को ज्ञापन देकर गोशाला निर्माण की मांग उठाई साथ ही शहरी क्षेत्र से गायों, सांडो, श्वानो को हटाने की मांग की। आवारा मवेशी लोगों को घायल करते है, कई बार जनप्रतिनिधि और गौसेवक शहर में विचरण करने वाले गौवंश की धरपकड़, कायन हाऊस निर्माण की मांग का ज्ञापन दे चुके है पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। बीते सप्ताह मोरड़ी पाड़ा निवासी मंजूर अहमद गौवंश के हमले से बुरी तरह घायल हो गया और उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ऐसे कही अन्य उदाहरण हैं जिनमें शहरवासी घायल होकर अपने हाथ पैर तुड़ा चुके है। ज्ञापन देने वालो में भाजपा नेता गौरव शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, मुकेश वर्मा, पुरुषोतम मीणा, अभिषेक, पप्पू गुर्जर, अरविंद बैरागी, अमनप्रीत सिंह, गुरूप्रीत शहरवासियों का आरोप है की नगर परिषद सभापति सिंह, कालू कटारा, मुकेश वर्मा, पार्षद बाल किशन सोनी, और आयुक्त की लापरवाही के चलते लोगों की जान जा संजय शर्मा, मनीष सेन आदि शामिल रहे।

# 'मन में पड़ी गांठों का खुलना जरूरी'

**रामगंजमंडी** (निसं)। राष्ट्र सन्त कमल मुनि कमलेश तीन दिन के प्रवास पर रामगंजमंडी के बाजार नं. 3 मे स्थित जैन श्वेताम्बर मंदिर में मंगलवार को पधारे।

प्रवचन कक्ष में राष्ट्र सन्त के साथ आए घनश्याम मुनि ने कहा कि धर्म के बिना कोई काम संभव नही।ब्रह्म मुर्हत मे उठना शुभ होता है उठते ही धरती माता को प्रणाम करना चाहिए।उन्होंने कहा कि मनुष्य के हाथ में नवकार मंत्र और चोवीस तीर्थकर विद्यमान है।नवकार मंत्र मे हर बीमारी को मिटाने की शक्ति है,जरूरत है नवकार मंत्र को अपने भीतर रमाने की।उसके बाद राष्ट्र संत कमल मुनि कमलेश ने उपस्थित लोगों से कहा कि गन्ने में अगर गाँठ है तो उस जगह रस नही होता है। गांठ पडते ही रस गायब हो जाता है।मनुष्य को भी अपने अंदर पडी ईष्या, द्वेष ओर अहंकार की गणनों को खत्म करना चाहिये। राग और द्वेष की गठानें जन्म जमान्तर तक दुख देती है। गाँठ आत्मा के सद्गुणों को खत्म कर देती है।इंसान को शैतान और राक्षस बना देती है। राष्ट्र संत कमल मुनि कमलेश ने कहा कि जहां गाँठ खुलती है,वहां ज्ञान आता है।गांठें हमेशा आग लगाने का कार्य करती है। सच्चा संत वही होता है जो राग और द्वेष की गंठानों को समाप्त कर देता है।उन्होंने सब धर्म के लोगों से अपील की मंदिर मस्जिद चर्च,गुरुद्वारे में जहां भी जाओ एक ही प्रार्थना करो कि मेरे मन में पड़ी गंठानें खुल जावे। उन्होंने कहा कि किसी भी आत्मा का अपमान करना भगवान का अपमान करने जैसा होता है।किसी भी धर्म की पद्धित की निन्दा नहीं करने की नसीयत दी।आराधना और उपासना दीवारें हटाने का कार्य करती है।

टेन्शन पर बोलते हुए राष्ट्र संत ने कहा कि शूगर की बीमारी खाने पीने से नही होती, शूगर की बीमारी टेन्शन से होती है और टेन्शन तेरा मेरा करने से होती है। जिन्दगी में कभी टेन्शन शब्द का प्रयोग मत करो।जहां मुस्कान होगी वहां धर्म होगा,आनंद और प्रेम की बंसी बजाओ।नफरत को दूर भगाने की नसीयत।त्याग कभी टकराव व अंहकार पैदा नहीं करता किसी की निन्दा करना अपने गुणों की होली जलाने जैसा होता है। कोई प्रशंसा करे तो खुश नहीं होना और कोई बुराई करे तो दुखी नहीं होना यह मुक्ति का मंत्र है। जहां एकता है वहाँ स्वर्ग है। श्वेताम्बर श्री संघ के अध्यक्ष राजकुमार पारख ने राष्ट्र सन्त कमल मुनि कमलेश का रामगंजमंडी पधार कर जैन समाज के लोगों को धर्म से जोड़ने के लिये आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### अवॉर्ड सेरेमनी संपन्न

**छबड़ा** (निसं)। सैनफोर्ट वर्ल्ड स्कूल में अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडीजे प्रीति नायक, एसीजेएम संयोगिता, जलदाय विभाग एईएन षुभ्रा मीणा, पालिकाध्यक्ष केसी जैन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया। यहां रामायण, रानी दुर्गावती, तानाजी, शिव तांडव, महाकाली, भगत सिंह पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्शण का केंद्र रही। स्कूल निदेशक महेंद्र मीणा ने बताया कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजे नायक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ इस स्कूल द्वारा बच्चे के शारीरिक डेवलपमेंट पर जो कार्य किया जा रहा है। निश्चित ही विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे अपने माता-पिता सहित छबड़ा का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा-2023 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रैंक अवार्ड देखकर सम्मानित किया गया। वही सानिध्य वर्मा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर से नवाजा गया। स्मॉल किड्स केयरिंग अवार्ड, लंच रूटीन अवार्ड, ऑल एक्टिविटी विनर, बेस्ट पेरेंट्स केयरिंग अवार्ड, नीट एंड क्लीन स्टूडेंट अवार्ड, सिंसियर स्टूडेंट अवार्ड आदि अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

### धाकड़ समाज की बैठक सम्पन्न

**छीपाबडोद** (निसं)। छीपाबड़ौद में शाकाहारी हनुमान मंदिर पर अखिल भारतीय धाकड महासभा की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता देवी शंकर धाकड़ पछाड़ मुख्य अतिथि ओम प्रकाश धाकड़ विशिष्ट अतिथि शंकर लाल धाकड़ अलीपुरिया राष्ट्रीय मंत्री, हरदयाल कोटडी जिला महामंत्री ,लालचंद धाकड़ देदिया रहे तहसील महामंत्री महेंद्र नागर ने बताया कि मांडू कला तहसील नगरफोर्ट जिला टोंक में श्री धाकड़ समाज का अखिल भारतीय स्तर का भव्य मंदिर 11 करोड की लागत से बनकर तैयार हो गया है मंदिर में श्री धरणीधर भगवान की मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव नौ दिवसीय 21 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम रविवार दिनांक 30 अप्रैल 2023 से सोमवार 8 मई 2023 तक आयोजित किया जाएगा बैठक में अतिथियों ने श्री धाकड़ समाज के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने का आग्रह किया बैठक मे मुरारीं लाल नागर चेयरमैन रामनाथ मालव,द्वारकी लाल नागर पूर्व सरपंच इंद्रनारायण नागर पूर्व सरपंच डॉ. राम प्रसाद नागर गोविंद ढोलम, ब्रह्म प्रकाश, मेघराज गोविंदपुरा ,गोवर्धन लाल ढोलम सत्यनारायण मेहता सहित अन्य मौजूद रहे।

### विधायक का स्वागत कर निमंत्रण दिया

**छीपाबडोद** (निसं)। छीपाबडोद के अजनावर मे 23 अप्रेल से होने वाली भागवत कथा के शुभारंभ पर क्षेत्रिय विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को आयोजक मंडल के सदस्यों ने स्वागत कर आमंत्रित किया।ईस दौरान सरपंच अशोक दूदानी का भी स्वागत सम्मान माला पहना कर किया गया।ईस दौरान डाक्टर रमेश सावंत, महावीर नागर, हरिबल्लभ नागर,बिरधीलाल चक्रधारी,मनोज,विनोद समेत ग्रामीण मोजूद रहे।कथा वाचक हरिओम बनेठ वालो के श्रीमुख से यह भागवत कथा 29 अप्रेल तक चलेगी।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात की

**छीपाबडोद** (निसं)। जिला प्रमुख चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी प्रियंका शर्मा एवं भाजपा नेता हरीश शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मुलाकात की और जिला प्रमुख चुनाव बारां 2021 में हुए क्रॉस वोटिंग प्रकरण का जल्द से जल्द खुलासा करने और क्रॉस वोट कर के कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने वाले दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई की मांग की।

# 'आमजन को गुमराह करने के बजाए जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं'



पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित किया।

**बूंदी** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देहित में मंगलवार को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंतर्गत तेजाजी मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि भाजपा विधायक 15 वर्षों की नाकामियों को अब धरना प्रदर्शन कर छुपाना चाहते हैं।

बरूंधन से राणा जी का गुडा की महत्वपूर्ण सड़क जो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव के विशेष आशीर्वाद और पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा के प्रयासों से लगभग 239 करोड रुपए की लागत से बनने वाली है, जिसके कार्य देश दिए जा चुके हैं और इसी माह में निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा लेकिन जनता को गुमराह कर झूठी वाह-वाही लेने का प्रयास विधायक अशोक डोगरा कर रहे हैं। जबकि उनको प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर ने कहा कि सरकार लगातार जनता के हितों के लिए काम कर रही है और आम जनता में जिस प्रकार सरकार के प्रति उत्साह नजर आता है उससे भारतीय जनता पार्टी के नेता अब नौटंकी कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रहलाद मीणा, बनवारी मीणा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर शर्मा ,कांग्रेस नेता महावीर सुमन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जानकी लाल सुमन, एडवोकेट शोभा पांचाल, मुकट मीणा, हनुमान बैरागी, नारायण सैनी, पुरुषोत्तम बैरागी, राम कल्याण बैरागी, रामदेव मेघवाल, मोती लाल मीणा ,यशवंत दाधीच, शुभ दाधीच, जगदीश मीणा, चांदनहेली, मोती लाल रेगर सहित पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।



'धोनी खुश नजर नहीं आ रहे थे क्योंकि वह पहले भी जिक्र कर चुके हैं कि वह चाहते हैं कि गेंदबाज नोबॉल और वाइड की संख्या में कटौती करें यह इस स्थिति में नहीं पहुंचना चाहिए जहां धोनी पर प्रतिबंध लग जाए और टीम को अपने इस कप्तान के बिना मैदान पर उतरना पड़े। - वीरेन्द्र सहवाग

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, चेन्नई के गेंदबाजों को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ नोवाक जोकोविच



**सर्बिया** के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पिछले हफ्ते मोंटे कार्लो मास्टर्स के दौरान कोहनी में उठी समस्या से पूरी तरह नहीं उभर सके हैं, हालांकि उन्हें उम्मीद है कि वह बांजा लुका ओपन में बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत कर सकेंगे। जोकोविच ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा,''कोहनी की तकलीफ सही नहीं हुई है, लेकिन यह कह सकते हैं कि स्थिति पहले से बेहतर है। उम्मीद है कि पहले मैच तक मैं बिलकुल ठीक हो जाऊंगा और मैच के लिये तैयार रहूंगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाये।

## ग्रीन, गेंदबाजों के दम पर मुंबई ने लगायी जीत की हैट्रिक



हैदराबाद, 18 अप्रैल। ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला कैमरन ग्रीन (64 नाबाद) के आतिशी अद्धर्शतक और गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियन्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद को 14 रन से मात दी। मुंबई ने सनराइजर्स के सामने 193 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में मेज़बान टीम 178 रन पर ऑलआउट हो गयी।

ग्रीन ने आईपीएल में अपना पहला अद्धर्शतक जमाते हुए 40 गेंद पर छह चौकों और दो छक्कों की सहायता से नाबाद 64 रन बनाये। उन्होंने मध्य ओवरों में तिलक वर्मा (17 गेंद, 37 रन) के साथ विस्फोटक अद्धर्शतकीय साझेदारी की, जिसने मुंबई को 192 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

सनराइजर्स 193 रन के स्कोर की ओर तेज़ी से बढ़ रही थी लेकिन पीयूष चावला और राइली मेरेडिथ ने मध्य ओवरों में चार महत्वपूर्ण विकेट चटकाये। सनराइजर्स को आखिरी ओवर में 20 रन की जरूरत थी। अर्जुन तेंदुलकर ने इस ओवर में मात्र पांच रन दिये और अपना पहला आईपीएल विकेट चटकाकर मुंबई को जीत दिलाई।

मुंबई ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक शुरुआत की, जिसका श्रेय कप्तान रोहित शर्मा को जाता है। रोहित ने 18 गेंद पर छह चौके लगाकर 28 रन बनाये, हालांकि वह एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और पांचवें ओवर में टी नटराजन का शिकार हो गये।

रोहित के आउट होने के बाद मुंबई की रनों की रफ्तार धीमी पड़ गयी। ग्रीन ने स्पिनरों के आगे कुछ देर संघर्ष करने के बाद वाशिंगटन सुंदर को छक्का जड़कर अपने हाथ खोले। ईशान किशन ने भी 10वें ओवर में मयंक मारकांडे को दो चौके जड़े, हालांकि वह 31 गेंद पर 38 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

## चेन्नई के बल्लेबाजों का लक्ष्य 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाना : कॉनवे

बेंगलुरू, 18 अप्रैल। चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने विरोधी टीमों को आगाह करते हुए कहा उनके बल्लेबाजों का लक्ष्य 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाना है ताकि उनके पास जीत का बेहतर मौका रहे।

चार बार के चैंपियन चेन्नई ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ( आरसीबी) के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने इस तरह के रवैये का शानदार नमूना पेश किया तथा छह विकेट पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी के 62 रन और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के 76 रन के बावजूद चेन्नई यह मैच आठ रन से जीतने में सफल रहा।

चेन्नई की तरफ से कॉनवे ने 83 रन बनाकर टीम को तेजतर्रार शुरुआत दिलाई जबकि अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे ने भी आक्रामक पारियां खेली। कॉनवे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,'' यहां विकेट बल्लेबाजी के लिए वास्तव में बहुत अच्छा था इसलिए हमने 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाकर बड़ा स्कोर खड़ा करने पर ध्यान दिया।''

उन्होंने कहा,'' मैं 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन नहीं बना पाया लेकिन अन्य बल्लेबाजों जैसे अजिंक्य, दुबे, अंबाती रायडू और मोईन अली ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। इन सभी का स्ट्राइक रेट वास्तव में अच्छा था जिससे हम प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रहे।''

कॉनवे ने 184.44 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने कहा,'' इस तरह के विकेट पर बल्लेबाजी करने का शायद यही तरीका है क्योंकि विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था।'' कॉनवे ने कहा कि मैदान के ऊपर मंडराते स्पाइडर कैम की छाया के कारण खिलाड़ियों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि चीजें उस मोड़ पर नहीं पहुंचनी चाहिए जहां तकनीक खेल में हस्तक्षेप करने लग जाए।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ने कहा,''कम से कम दो अवसरों पर ऐसा हुआ जबकि गेंद स्पाइडर कैम और तार के पास गई। मेरा मानना है कि डुप्लेसी दो बार इसलिए आगे निकलकर खेलें क्योंकि स्पाइडर कैम की छाया उन पर पड़ रही थी। निश्चित तौर पर यह भी खिलाड़ियों के लिए एक चुनौती है।'' उन्होंने कहा,'' तकनीक का होना खेल के लिए अच्छा है लेकिन एक बिंदु ऐसा आता है जहां इसका बहुत अधिक इस्तेमाल और हस्तक्षेप सही नहीं माना जा सकता है। महेंद्र सिंह धोनी शायद इस बारे में अंपायरों से बात करने की कोशिश कर रहे थे।''

## अर्जेंटीना 2023 में फीफा अंडर-20 विश्व कप की करेगा मेजबानी

जेनेवा 18 अप्रैल। अर्जेंटीना, इंडोनेशिया के स्थान पर फीफा 2023 अंडर-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। इंडोनेशिया को फीफा ने इसकी मेजबानी करने से हटा दिया है। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने यह घोषणा की। फीफा परिषद के ब्यूरो ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) द्वारा बाद की बोली प्रस्तुत करने के बाद अपने फैसले की पुष्टि की और फीफा प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह दक्षिण अमेरिकी देश का निरीक्षण भी किया था। फीफा अंडर-20 विश्व कप 20 मई से 11 जून तक शुरू होगा और ऐसा पहली बार होगा जब अर्जेंटीना 2001 के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। फीफा अंडर-20 विश्व कप का आधिकारिक ड्रॉ 21 अप्रैल को ज्यूरिख में फीफा के मुख्यालय में होगा।

## आईपीएल आचार संहिता के उल्लंमघन के लिये विराट कोहली पर जुर्माना

बेंगलुरु, 18 अप्रैल। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिये मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार कोहली ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन किया। बयान में घटना की पूरी जानकारी नहीं दी गयी, हालांकि यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कोहली ने सीएसके के मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दूबे के आउट होने पर अति उत्साही जश्न मनाया, जिसके कारण उन पर यह जुर्माना लगाया गया। दूबे ने 27 गेंद पर 52 रन की पारी खेलकर सीएसके को 20 ओवर में 226 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया, जिसके जवाब में आरसीबी 218 रन ही बना सकी। कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत अपना अपराध स्वीकार किया। बयान में कहा गया कि आचार संहिता के स्तर-1 के उल्लंघन के लिये मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। आरसीबी का अगला मुकाबला 20 अप्रैल को मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होगा।

## लिवरपूल ने लीड्स को 6-1 से करारी शिकस्त दी

लीड्स, 18 अप्रैल। लिवरपूल ने लीड्स को 6-1 से करारी शिकस्त देकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में पिछले पांच मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। लिवरपूल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 7-0 से करारी शिकस्त देने के बाद पिछले छह सप्ताह में प्रीमियर लीग में कोई मैच नहीं जीता था। कोडी जोकपा ने लिवरपूल की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद मोहम्मद सालाह और डिएगो जोटा ने दो-दो गोल दागे। स्थानापन्न खिलाड़ी डार्विन नुनेज ने टीम की तरफ से छठा और अंतिम गोल किया। लिवरपूल ने चार गोल दूसरे हाफ में किए। लीड्स के लिए एकमात्र गोल दूसरे हाफ के शुरू में लुइस सिनिस्टररा ने किया। लिवरपूल के इस जीत से 31 मैचों में 47 अंक हो गए हैं और वाह आठवें स्थान पर बना हुआ है। लीड्स 16वें स्थान पर है। उसके 31 मैचों में 29 अंक हैं।

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में डेविड वॉर्नर को देखना चाहते हैं टेलर

मेलबर्न, 18 अप्रैल। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेलने वाली कंगारू टीम का हिस्सा होना चाहिये। भारत और ऑस्ट्रेलिया सात जून को डब्ल्यूटीसी फाइनल में आमने-सामने होंगे, जिसके फौरन बाद ऑस्ट्रेलिया को चार टेस्ट मैचों की एशेज़ सीरीज में इंग्लैंड से भिड़ना है। वॉर्नर भले ही लंबे समय से खराब फॉर्म से गुज़र रहे हों लेकिन टेलर के अनुसार ऑस्ट्रेलिया टीम प्रबंधन डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज़ के शुरुआती मैचों में उन्हीं के साथ जाना पसंद करेगा। टेलर ने ऑस्ट्रेलियाई समाचार एजेंसी एएपी से कहा, ''अगर मैं चीजों को सही तरह पढ़ रहा हूं, तो ऐसा लगता है कि वे द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिये डेविड के साथ बने रहेंगे। और अगर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बारे में ऐसा सोच रहा है।

## श्रीलंका ने आयरलैंड को रौंदा

गाले, 18 अप्रैल। श्रीलंका ने प्रभात जयसूर्या (10 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पहले टेस्ट में मंगलवार को आयरलैंड को पारी और 280 रन से रौंद दिया। मेज़बान टीम ने चमिका करुणारत्ने, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल और सदीरा समरविक्रमा के शतकों की मदद से पहली पारी में 591 रन बनाये थे।

श्रीलंका में अपना पहला टेस्ट खेल रहे आयरलैंड के पास इस विशाल स्कोर का कोई जवाब नहीं था और पूरी टीम 311 रन के अंदर दो बार सिमट गयी। आयरलैंड ने तीसरे दिन की शुरुआत 117/7 के स्कोर से की। लोर्कान टकर 45 रन बनाकर मेहमान टीम की पारी को आगे बढ़ा रहे थे लेकिन जयसूर्या ने उन्हें और मार्क एडेयर (शून्य) को तीन गेंद के अंतराल में पवेलियन लौटा दिया।

रमेश मेंडिस ने एंडी मेकब्राइन का विकेट लेकर आयरलैंड की पारी 143 रन पर समाप्त की। कप्तान करुणारत्ने ने अपने स्पिनरों पर भरोसा जताते हुए आयरलैंड को फॉलोऑन के लिये बुलाया और मेहमान टीम के पांच विकेट 40 रन पर ही गिर गये। हैरी टेक्टर (95 गेंद, चार चौके, 42 रन) और कर्टिस कैंफर (73 गेंद, पांच चौके, 30 रन) ने छठे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की जो दूसरी पारी में आयरलैंड का सर्वश्रेष्ठ समय था।

पहली पारी में सिर्फ एक विकेट लेने वाले मेंडिस ने अपनी लय हासिल करते हुए कैंफर को आउट किया, जबकि टेक्टर के रनआउट के साथ आयरलैंड की हार और करीब आ गयी। जॉर्ज डॉकरेल ने 54 गेंद पर छह चौके लगाते हुए 32 रन की पारी खेली, हालांकि मेंडिस ने उन्हें और मैकब्राइन को आउट करके अपने चार विकेट पूरे किये। एडेयर 29 गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जयसूर्या ने बेंजमिन वाइट के विकेट के साथ आयरलैंड को दूसरी बार ऑलआउट कर दिया। श्रीलंका और आयरलैंड अब सीरीज के दूसरे टेस्ट में सोमवार से आमने-सामने होंगे।

## चुनावों के कारण लखनऊ-चेन्नई मैच तिथि में बदलाव

मुंबई, 18 अप्रैल। लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 46वें मैच की तारीख चार मई से बदलकर तीन मई कर दी गयी है। आईपीएल ने सोमवार रात जारी बयान में कहा कि चार मई को लखनऊ में होने वाले नगर निगम चुनाव के कारण तारीख बदली गयी है। मैच के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है और मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे से ही शुरू होगा। केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम पांच मैचों में छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। चेन्नई का मुकाबला करने से पहले लखनऊ राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स का मुकाबला करेगी। राहुल की टीम एक मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की मेज़बानी करेगी, जिसके बाद उसका सामना तीन मई को महेंद्र सिंह धोनी की टीम से होगा।

## आईपीएल में शुरू से गुणवत्ता थी, दक्षिण अफ्रीका में आयोजन से अंतिम मुहर लगी : शास्त्री

नयी दिल्ली, 18 अप्रैल। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुरू से ही गुणवत्ता थी लेकिन 2009 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजन से यह अगले स्तर तक पहुंचा और विदेशों में भी इस प्रतियोगिता को लेकर दिलचस्पी पैदा हुई। भारत में आम चुनाव के कारण दूसरा आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया था। आईपीएल की शुरुआत 15 साल पहले आज के दिन ही हुई थी और शास्त्री तब इस लीग की संचालन परिषद का हिस्सा थे।

उन्होंने आईपीएल के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा,''अगर आप इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों पर गौर करो तो क्रिकेट की गुणवत्ता इतनी अच्छी थी कि यह लीग चल पड़ी। लेकिन इस पर अंतिम मुहर तब लगी जब इसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में किया गया। दक्षिण अफ्रीका में आईपीएल को लेकर वैसे ही दिलचस्पी थी जैसे भारत में थी जिससे क्रिकेट जगत हैरान था।'' शास्त्री ने कहा,'' उस समय तक दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों ने अपनी पसंदीदा टीम चुननी शुरू कर दी थी। आप तब जैसा फुटबॉल में देखते थे वैसा आईपीएल में दूसरे सत्र से होने लग गया था। ''

उन्होंने कहा,'' इंग्लिश प्रीमियर लीग वर्षों से चल रही है जिसमें आर्सेनल और मैनचेस्टर यूनाइटेड जैसी टीम हैं लेकिन आईपीएल में दो साल में ही लोगों ने मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को अपनी पसंदीदा टीम चुनना शुरू कर दिया था।''

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम ने 2008 में आईपीएल के उद्घाटन मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ 75 गेंदों पर 158 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि 2008 में राजस्थान रॉयल्स की विजेता टीम का हिस्सा बनने से लेकर कई बार के विजेता चेन्नई सुपर किंग्स की टीम का सदस्य बनने तक उनके अनुभव में किस तरह से बदलाव आया।

जडेजा ने कहा,'' आईपीएल का 2008 में पहला साल था और इसको लेकर काफी उत्साह था। हम अंडर-19 के खिलाड़ी इस आईपीएल का हिस्सा बनने जा रहे भारतीय टीम के खिलाड़ियों जैसे महेंद्र सिंह धोनी, युवराज सिंह, हरभजन सिंह आदि के बारे में सोचा करते थे। इसलिए मैं यह सोच कर बेहद रोमांचित था कि मैं किस टीम का हिस्सा बनूंगा।''

उन्होंने कहा,'' लेकिन आईपीएल 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स में हमारे लिए भावनात्मक पल था क्योंकि हमारी टीम दो साल बाद वापसी कर रही थी। प्रशंसक भी चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी और उसके चेपॉक स्टेडियम में खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।''

## वनडे विश्व कप के लिए गुप्टिल को टीम योजना में शामिल करना चाहिए : इयान स्मिथ

ऑकलैंड 18 अप्रैल। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ चाहते हैं कि शीर्ष क्रम के अनुभवी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल को भारत में इस साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम की योजना में फिर से शामिल किया जाये क्योंकि केन विलियमसन के चोटिल और रॉस टेलर के संन्यास से टीम कमजोर हो गई है। छत्तीस साल के गुप्टिल ने 198 वनडे खेले हैं और इस साल जनवरी में भारत दौरे पर गई सीमित ओवर की टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने पिछले साल नवंबर में भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करते हुए संकेत दिया था कि गुप्टिल का युग लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि सलामी बल्लेबाज के तौर पर फिन एलन की सफलता का मतलब है कि अनुभवी गुप्टिल को दूसरे खिलाड़ी के लिए रास्ता बनाना होगा। उच्च प्रदर्शन वाले खेल में ऐसा ही होता है।

## एशियाई खेलों से पहले चैम्पियंस ट्रॉफी होगी अग्निपरीक्षा : हरमनप्रीत

नयी दिल्ली, 18 अप्रैल। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि चेन्नई में होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी आगामी एशियाई खेलों से पहले उनकी टीम की अग्निपरीक्षा होगी जहां वे महाद्वीप की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपनी तैयारियों का आकलन कर सकेंगे।

एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी तीन से 12 अगस्त के बीच खेली जायेगी, जबकि एशियाई खेलों का का आयोजन चीन के हांगझोऊ में सितंबर में होगा। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के साथ बातचीत में मंगलवार को कहा, हम इस टूर्नामेंट में देख सकेंगे कि हम उन टीमों के खिलाफ कहां खड़े हैं जिनके साथ हम एशियाई खेलों में मुकाबला करने वाले हैं। एशियाई खेलों से पहले यह टीम के लिये अग्निपरीक्षा होगी।''

उन्होंने कहा, ''एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 हमें अपने विरोधियों की अच्छी समझ भी देगी। हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी कर सकते हैं जहां हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना होगा।'' भारतीय पुरुष टीम ने 2011 में आयोजित उद्घाटन संस्करण में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बाद वे 2016 में भी चैंपियन बने, जबकि 2018 में मस्कट में आयोजित फाइनल की कार्यवाही प्रभावित होने के बाद भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता बने थे। ढाका में 2021 में आयोजित पिछले संस्करण में भारतीय टीम ने कांस्य पदक के साथ अभियान समाप्त किया था।

एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में कोरिया और मलेशिया के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि प्रतियोगिता काफी प्रतिस्पर्धी होने वाली है। उन्होंने कहा, ''कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति दिखाई है। उन्होंने पिछले साल जकार्ता में एशिया कप जीता था और विश्व कप में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

## मानवजीत और राजेश्वरी ने ट्रैप ट्रायल जीता, पिस्टल में सबरजोत और अनुराधा ने बाजी मारी

नयी दिल्ली, 18 अप्रैल। पूर्व विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन मानवजीत सिंह संधू ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए मंगलवार को यहां संपन्न शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरुष ट्रैप स्पर्धा जीती। भारत की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक राजेश्वरी कुमारी ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला ट्रैप टी3 (तीसरा) ट्रायल जीता जिससे 25 अप्रैल से काहिरा में शुरू हो रही आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन प्रतियोगिता से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा। हाल में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरियाणा के सरबजोत सिंह ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टी4 ट्रायल जीता जबकि उनके ही राज्य की अनुराधा देवी ने भोपाल में महिला एयर पिस्टल टी4 ट्रायल जीता।

## घरेलू मैदान पर खेल रहे राजस्थान की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा लखनऊ सुपरजाइंट्स को



जयपुर, 18 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अब तक उतार-चढ़ाव वाला प्रदर्शन करने वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को अगर जीत की राह पर लौटना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ की टीम ने अभी तक तीन मैच जीते हैं जबकि दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन उसके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में लखनऊ की टीम बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी जिससे आखिर में वह 10 से 15 रन कम बना पाई। कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंदों पर 74 रन बनाकर फॉर्म ने वापसी की जो कि टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। उसके बल्लेबाजों को हालांकि बीच के ओवरों में रन बनाने पर ध्यान देना होगा।

लखनऊ के पास काइल मायर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के रूप में अच्छे पावर हिटर हैं लेकिन उसके बल्लेबाज अच्छी साझेदारी नहीं निभा पा रहे हैं। इसके अलावा दीपक हुड्डा का रन नहीं बना पाना भी टीम के लिए चिंता का विषय है।

पंजाब के खिलाफ लखनऊ में प्रतिभाशाली रवि बिश्नोई को देर से गेंद सौंपने की गलती की। बिश्नोई अपनी गुगली से बल्लेबाजों को गच्चा देने में माहिर हैं और कप्तान राहुल को डेथ ओवरों की बजाय बीच के ओवरों में उनका इस्तेमाल करना चाहिए। टीम के दो अन्य स्पिनर कृष्णप्पा गौतम और क्रुणाल पंड्या अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं।

मार्क वुड और आवेश खान के रुप में लखनऊ के पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं। पंजाब के खिलाफ युद्धवीर सिंह चरक ने भी अपना प्रभाव छोड़ा। लखनऊ के लिए हालांकि राजस्थान से पार पाना आसान नहीं होगा जिसने लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज करके अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। राजस्थान के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है जिसमें यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और संजू सैमसन ने टीम के शीर्ष क्रम में बहुत अच्छी भूमिका निभाई है। बटलर ने अभी तक टीम की तरफ से सर्वाधिक 204 रन बनाए हैं जबकि जायसवाल के नाम पर 136 रन दर्ज हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में यह दोनों सलामी बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और ऐसे में कप्तान सैमसन और वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा कर टीम को जीत दिलाई थी। देवदत्त पडिक्कल ने भी आक्रामक पारी खेली लेकिन रियान पराग मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे। राजस्थान का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें युजवेंद्र चहल, एडम जंपा और रविचंद्रन अश्विन जैसे दुनिया के नामी स्पिनर शामिल हैं। उसके पास ट्रेंट बौल्ट जैसा मारक तेज गेंदबाज है जबकि संदीप शर्मा अपने अनुभव का अच्छा उपयोग कर रहे हैं।

## आईपीएल मैच से पूर्व विवाद क्रीड़ा परिषद ने दिया आरसीए को नोटिस

जयपुर, 18 अप्रेल। गुलाबी नगरी में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइटंस के बीच खेले जाने वाले मैच से पूवरू राजस्थान क्रीड़ा परिषद और राजस्थान क्रिकेट एसोसियेशन (आरसीए) में विवाद हो गया है।

खेल मंत्री के निर्देश पर क्रीड़ा परिषद ने आरसीए को आज नोटिस जारी कर दिये। नोटिस में आरसीए के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि एमओयू का उल्लंघन हुआ है। नोटिस में कहा गया है कि मुख्य भवन एवं उसके आगे के साथ का भी उपयोग में लिया जा रहा है। स्टेडियम में झंडारोहण स्थल के दोनों तरफ स्थाई संरचन का निर्माण किया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि स्टेडियम में लगाई गई अनाधिकृत कुर्सियों व दर्शक दीर्धा को हटाने एवं स्थाई संरचना निर्माण को हटा कर विभाग को सूचित करे। अन्यथा सरकार सीज की कार्यवाही करते हुए एमओयू को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

## चहल ने कहा, इंपेक्ट प्लेयर के नियम से राजस्थान रॉयल्स को फायदा हुआ

जयपुर, 18 अप्रैल। भारत और राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने मंगलवार को दावा किया कि 'इंपेक्ट प्लेयर' के नए नियम से पिछले साल के इंडियन प्रीमियर लीग उप विजेता राजस्थान रॉयल्स को फायदा हुआ है।

रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती पांच में से चार मुकाबले जीतकर अभी अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही है। नए नियम के तहत स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर राजस्थान के गेंदबाज एडम जंपा (चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 43 रन पर एक विकेट), मुरुगन अश्विन (दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बिना विकेट के 11 रन) और नवदीप सैनी (सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बिना विकेट के 34 रन) प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे लेकिन बल्लेबाजों ने अहम पारियां खेली।

गुवाहाटी में ध्रुव जुरेल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 15 गेंद में नाबाद 32 रन की पारी खेली और टीम को लगभग जीत दिला ही दी थी लेकिन अंततः रॉयल्स को पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। देवदत्त पडिक्कल ने इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ 26 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर रॉयल्स को 2022 के आईपीएल चैंपियन के खिलाफ चार मुकाबलों में पहली जीत दिलाई।

पांच मैच में दो बार इंपेक्ट प्लेयर से स्थानांतरित होकर बाहर जाने वाले चहल ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मुकाबले से पूर्व मीडिया से कहा, ''ध्रुव और देव (पडिक्कल) ने जिस तरह बल्लेबाजी की उसे देखते हुए यह (इंपेक्ट प्लेयर नियम) हमारे पक्ष में रहा है। यह फायदे की स्थिति है क्योंकि बल्ले से मेरा कोई काम नहीं है। जब आप बड़े लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हो तो अतिरिक्त बल्लेबाज के शामिल होने से मदद मिलती है जो फायदे की स्थिति होती है।''



लोलीटा, विश्व की दूसरी सबसे उम्रदराज किलर व्हेल (ओर्का) जल्दी ही अपने मूल आवास, पैसिफिक नॉर्थवैस्ट में रहने के लिए जा रही है। लोलीटा को लोग टोकिटे भी कहते हैं। तटवर्ती सैलिश लोगों की भाषा में इस शब्द का अर्थ है ''नाइस डे, प्रिटि कलर्स''। मायामी सीक्वेरियम की इस स्टार ओर्का को जब पकड़ा गया था तब यह 7 वर्ष की थी और अब 57 वर्ष की है, अर्थात् सीक्वेरियम में यह 50 साल बिता चुकी है। लोलीटा 1970 के दशक में यहां आई थी। विडबी आइलैण्ड के पास कुछ लोगों ने 79 अन्य ओर्का के साथ इसे पकड़ा था। तब से ही लोलीटा अक्वेरियम पूल में रह रही है और करतब दिखा रही है। मार्च 2022 में इसे रिटायर कर दिया गया। गत माह घोषणा की गई कि, लोलीटा का उसके मूल आवास में पुनर्वास किया जाएगा। मायामी सीक्वेरियम की मालिक कम्पनी, द डॉलफिन कम्पनी और कंज़र्वेशन ग्रुप, ''फ्रैंडस ऑफ लोलीटा'' ने यह घोषणा की हैं। रिटायरमैंट के बाद से लोलीटा को मूल आवास में भेजने के लिए यह समूह अभियान चला रहा है। प्राकृतिक आवास में ओर्का औसतन 46 साल तक जीती हैं। लेकिन कुछ व्हेल 80 या 90 साल तक भी जिंदा रहती हैं। ब्रिटेन के संगठन, व्हेल एण्ड डॉलफिन ऑर्गनाइज़ेशन ने बताया कि, नर ओर्का की औसत आयु 30 साल तक ही होती है पर कुछ नर 50-60 साल तक भी जी सकते हैं। कैप्टिव ओर्का ज्यादा जीती हैं। कैप्टिव ओर्का की प्राकृतिक आवास में वापसी मुश्किल होती है। लोलीटा से पहले सिर्फ केको नाम की ओर्का ही प्राकृतिक आवास में लौटी थी। वर्ष 1993 में आई फिल्म ''फ्रीविली'' से विख्यात हुई केको की रिहाई के लिए जोरदार अभियान चलाया गया था तथा 2002 में उसे रिहा कर दिया गया। पर 2003 में नॉर्वे में निमोनिया से इसकी मौत हो गई। इससे यह भय फैल गया कि कैप्टिव ओर्का प्राकृतिक आवास में नहीं रह पाती हैं। लेकिन बीबीसी की डॉक्युमैंटरी, फ्रोज़न प्लैनैट द्वितीय, में एक पूर्व कैप्टिव ओर्का को शिकार करते व अन्य ओर्का के साथ मस्ती करते देखा गया तो लगा कि कैप्टिव ओर्का का उसके प्राकृतिक आवास में बसना संभव है। ओर्का को संरक्षित केन्द्रों में रखने को लेकर हमेशा विवाद होता है। वर्ष 1961 में जब पहली ओर्का पकड़ी गई थी, तबसे लेकर अब तक, 174 ओर्का कैप्टिविटी में मर चुकी हैं।

# रामप्रसाद सुसाइड केस में मंत्री महेश जोशी के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. दर्ज

**महेश जोशी ने अपनी सफाई में कहा, ''रामप्रसाद और उनके परिवार को मैं जानता तक नहीं और ना ही वो कभी उनसे मिलने आए। पीड़ित परिवार को लात मारने की बात भी झूठी है, चाहे तो मेरे घर में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे के फुटेज देख सकते हैं''**

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 18 अप्रेल। सुभाष चौक क्षेत्र में चांदी की टकसाल पर चाय की थड़ी लगाने वाले रामप्रसाद ने सुसाइड से पहले कैबिनेट मंत्री महेश जोशी, मंदिर संचालक देवेंद्र शर्मा, ललित शर्मा, होटल शैरेटन के मालिक राकेश टांक, मुनजी टांक, देव अवस्थी, लालचंद देवनानी, हिमांशु देवनानी करीब 8 लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। सोमवार देर रात सुभाष चौक पुलिस ने इन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर परिजनों ने दूसरे दिन भी रामप्रसाद के शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया है। मंगलवार देर रात तक भी धरना जारी रहा।

मृतक राम प्रसाद मीणा (43) के भाई महावीर मीणा की शिकायत पर सुभाष चौक पुलिस ने सभी 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित महावीर का कहना है कि जब हमारे पुश्तैनी मकान पर निर्माण कार्य नगर निगम ने बंद कराया तो हम हैरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा के पास पहुंचे, तब नीलकमल ने भी मदद करने से यह कहते हुए मना कर दिया कि मेरे ऊपर जलदाय मंत्री महेश जोशी का दबाव है। इसके बाद जब हम मंत्री जोशी के पास पहुंचे तो उन्होंने भी धमकाया कि जैसा मेरे आदमी कहते हैं, वैसा करो।

वहीं दूसरी ओर इस मामले में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने अपने आवास पर प्रैस वार्ता कर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि रामप्रसाद और उनके परिवार को मैं जानता तक नहीं और ना ही वह उनसे कभी मिलने आए। अगर उन्हें मुझसे कोई शिकायत थी तो मेरे पास आते। उनकी मौत की जानकारी मिली तो बहुत दु:ख हुआ। आत्महत्या करने से पहले उन्होंने मेरा नाम भी लिया है। साथ मुझ पर भी आरोप लगाया कि मैंने भी परेशान किया जो कि सरासर निराधार है। उन्होंने कहा कि मेरी गलती तब होती जब मृतक या उसके परिवार मेरे पास आते और मै उनकी मदद नहीं करता।

महेश जोशी ने कहा कि कुछ दिन पहले किसी ने राजामल तालाब स्थित 260 साल से भी अधिक पुराने श्री गिरधारीजी के मंदिर परिसर में हो रहे निर्माण को गलत बताते हुए काम रूकवाने को कहा। प्राचीन मंदिर से जुडी लोगों की धार्मिक आस्था को देखते हुए प्रकरण संवेदनशील लगा, इसलिए काम रूकवाकर कागजों की जांच के लिए कहा था। दो पक्षों के विवाद की परिस्थिति में काम रूकवाना आम बात है, कोई भी जनप्रतिनिधि यही करेगा। काम इसलिए रुकवाया ताकि कागजों की जांच हो सके और जो सही है उस पार्टी के साथ न्याय हो। आत्म हत्या को कभी भी सही नहीं ठहराया जा सकता लेकिन अगर काम नहीं रूकवाता और पुजारी आत्म हत्या कर लेता तो फिर? बाद में पुजारी की ओर से लिखित शिकायत भी प्राप्त हुई, लेकिन मृतक के परिवार की ओर कोई भी शिकायत या जवाब अथवा स्पष्टीकरण मुझे नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि मृतक रामप्रसाद या परिवार के किसी भी व्यक्ति को लात मारने या किसी भी तरह के दुर्व्यवहार करने के आरोप झूठे हैं। उनके घर पर सीसीटीवी कैमरा लगा है। अगर किसी की सिफारिश भी करता हूं तो न्याय के लिए। मृत्यु के कारणों का पता लगना जरूरी है।

आत्महत्या आमतौर पर व्यक्ति क्षणिक आवेश में करता है, आत्महत्या करने से पहले 3-4 वीडियो कौन बनवाता है या बनाता है। सच्चाई ठीक से पता लगनी चाहिए।

मंत्री महेश जोशी ने कहा कि एफआईआर कराना हर किसी का अधिकार है, मैं चाहता हूं कि जल्द से जल्द उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो जिससे सच्चाई जनता के सामने आए। प्रकरण के बारे में जानकारी मिलते ही महानिदेशक पुलिस-राजस्थान एवं पुलिस आयुक्त, जयपुर को पत्र के माध्यम से उच्च स्तरीय एवं शीघ्रता से जांच के लिए आग्रह किया।

# मृतक रामप्रसाद मीणा के परिजनों के साथ धरने पर बैठे सांसद किरोड़ीलाल मीणा

**नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी, परिवार के एक सदस्य को नौकरी व मुआवजे की मांग रखी**

जयपुर 18 अप्रेल (कासं)। रामप्रसाद मीणा के सुसाइड मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में अब राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल लाल मीणा भी मृतक रामप्रसाद मीणा के परिजनों के साथ धरने पर बैठ गए हैं। नामजद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, परिवार के एक सदस्य को नौकरी, मुआवजा समेत अन्य मांगों को लेकर परिजनों ने सरकार को मांग पत्र सौंपा है। मंगलवार देर शाम तक धरना जारी रहा, परिजनों ने रामप्रसाद के शव का पोस्टमार्टम भी करवाने को राजी नहीं हुए।

- **सांसद मीणा ने आरोप लगाया कि ''पीड़ित परिवार मंत्री महेश जोशी से मिलने गया था, तो उन्होंने फटकार कर भगा दिया, परिवार के सदस्य को लात मारी गई, इससे डिप्रैशन में आकर रामप्रसाद मीणा ने सुसाइड किया है।''**
- **मरने से पहले रामप्रसाद ने वीडियो में कैबिनेट मंत्री महेश जोशी समेत मंदिर संचालक देवेन्द्र शर्मा, ललित शर्मा, होटल मालिक राकेश टांक, मुनजी टांक, देव अवस्थी, लालचंद देवनानी, हिमांशु देवनानी सहित करीब 8 लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया था।**

राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि, पट्टा होने के बावजूद भी रामप्रसाद मीणा को उसका मकान नहीं बनाने दिया गया। गरीब की कोई सुनने वाला नहीं है, वो दर-दर भटका और फिर आखिर में मौत को गले लगा लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह भरतपुर में जुनैद और नासिर के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी, उसी तर्ज पर मृतक रामप्रसाद मीणा के लिए भी घोषणा की जाए। मृतक परिवार को सरकार पैकेज दे और होटल के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए। इसके साथ ही परिवार में एक सदस्य को नौकरी और उनका मकान बनवाए जाने की मांग की।

सांसद किरोड़ीलाल ने आरोप लगाया कि, हैरिटेज नगर निगम ने पूरे शहर में लूट मचा रखी है। पीड़ित परिवार मंत्री महेश जोशी से मिलने गया था, तो उन्होंने फटकार कर भगा दिया, परिवार के सदस्य को लात मारी गई, इससे डिप्रेशन में आकर रामप्रसाद मीणा ने सुसाइड किया है। उन्होंने मांग की है कि, जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, उन्हें गिरफ्तार किया जाए। पीड़ित परिवार का पालन पोषण करने वाला भी कोई नहीं है, इसलिए उन्हें राहत पैकेज दी जाए।

इसके अलावा जिन अधिकारियों ने लापरवाही की है, उनको सस्पेंड किया जाए। किरोड़ीलाल ने कहा कि, रामप्रसाद ने मरने से पहले वीडियो बनाया था और एक सुसाइड नोट भी लिखा था। इसमें उन सभी लोगों के बारे में बताया है, जिन्होंने उसे परेशान किया था।

वीडियो में कैबिनेट मंत्री महेश जोशी समेत मंदिर संचालक देवेंद्र शर्मा, ललित शर्मा, होटल मालिक राकेश टांक, मुनजी टांक, देव अवस्थी, लालचंद देवनानी, हिमांशु देवनानी करीब 8 लोगों पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। सांसद ने बताया कि, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप को सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया है। मुकदमे में मंत्री का नाम है, तो जांच सीआईडी करेगी।

मामले में लिप्त अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को संतुष्टि हो।

# रामप्रसाद की आत्महत्या के बाद अवैध होटल को तोड़ने पहुंचा हैरिटेज निगम

**फटकार लगने पर तब बुलडोज़र लेकर कार्रवाई करने पहुंच थे अफसर**

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 18 अप्रेल। सुभाष चौक इलाके में रामप्रसाद की आत्महत्या के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री ने हैरिटेज निगम के अफसरों को फटकार लगाई। इसके बाद अधिकारी जेसीबी व बुलडोजर लेकर चांदी की टकसाल स्थित अवैध होटल तोड़ने के लिए दौड़े। जहां आक्रोशित लोगों ने सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा की गाड़ी को घेर लिया और उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। मामला बिगड़ता देख पुलिस ने सतर्कता उपायुक्त को अपनी गाड़ी में बैठाकर सुरक्षित निकाला। करीब डेढ़ घंटे बाद नगर निगम ने पुलिस के आला अफसरों और भारी जाप्ते के बीच कार्रवाई शुरू की।

- **लोगों ने सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा की गाड़ी को घेरा, पुलिस ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।**

मृतक रामप्रसाद के मकान पर कार्रवाई करने और उनके मकान के नजदीक निर्माणाधीन अवैध इमारत को छोड़ने के मामले को लेकर सीएम गहलोत ने नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने निगम अफसरों को फटकार लगाई हैं। इसके बाद मंगलवार सुबह निगम का दस्ता पुलिस बल के साथ अवैध होटल पर कार्रवाई करने पहुंचा। इस दौरान लोगों ने निगम सतर्कता उपायुक्त का विरोध शुरू कर दिया और उसे घेरने लगे, लोगों का आक्रोश देख सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा को पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद मौके पर पुलिस के आला अफसर पहुंचे और पुलिस जाप्ता तैनात किया। तब जाकर निगम ने कार्रवाई के लिए तीन जेसीबी और एक लोकंडा मशीन मंगवाई और कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले लोकंडा मशीन से छत को पंचर करना शुरू किया, वहीं जेसीबी से अवैध इमारत की दीवारों को तोड़ना शुरू किया। निगम अफसरों की मानें तो पूरी इमारत को ध्वस्त करने तक कार्रवाई जारी रहेगी।

# 'बेटे विजय से कोई संबंध नहीं, वह अलग रहता है'

**पेपर लीक केस में गिरफ्तार विजय डामोर के पिता ने बेटे के साथ संबंध से इन्कार किया**

डूंगरपुर, 18 अप्रेल (निसं)। आरपीएससी पेपर लीक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार हुए आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबूलाल कटारा और उसका भांजा विजय डामोर डूंगरपुर के रहने वाले हैं। विजय के पिता ललित डामोर पुलिस हैड कांस्टेबल हैं जो कि पुलिस लाइन में चालानी गार्ड के पद पर तैनात हैं।

बेटे की गिरफ़्तारी का पता उन्हें उनके साथी पुलिसकर्मियों से चला। आरोपी विजय के पिता ने कहा कि बेटे से उनका कोई संबंध नहीं है। वे उनसे अलग रहते हैं।

आर.पी.एस.सी. पेपर लीक मामले में शेरसिंह मीणा से पूछताछ में पता चला था कि पेपर आर.पी.एस.सी. सदस्य डूंगरपुर निवासी बाबूलाल कटारा से मिला था। इसके बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.पी.) बाबूलाल कटारा को अजमेर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में एसओजी ने बाबूलाल कटारा के भांजे विजय डामोर को डूंगरपुर जिले के वागदरी से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही कटारा के ड्राइवर गोपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया है। आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा का भांजा विजय डामोर एम.ए.बी.एड. है और कई प्रतियोगी परीक्षाएं दे चुका है। विजय ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा भी दी थी, जिसमे लिखित परीक्षा में वो पास भी हो गया था, लेकिन शारीरिक परीक्षा में असफल रहा था। हालाकि विजय शिक्षक भर्ती परीक्षा में बैठा था या नहीं इस बारे में परिवार के लोग भी नहीं बता पा रहे हैं।

विजय डामोर के पिता ललित डामोर को बेटे की गिरफ्तारी का सूचना भी कोर्ट में चालानी मुलजिमों को कोर्ट में पेश करते समय उनके साथी पुलिसकर्मियों ने दी। विजय के पिता बेटे की इस हरकत से अचंभित थे। वहीं वागदरी में विजय का पक्का घर बना हुआ है। जिसे सालभर पहले ही बनाया है। घर के आंगन में शादी का मंडप सजा हुआ था। 2 महीने पहले ही 22 फरवरी को विजय की शादी हुई थी।

हैड कांस्टेबल ललित डामोर ने बताया कि 2 महीने पहले बेटे की शादी हुई थी, शादी के बाद से वह उनके सम्पर्क में नहीं है और डेढ़ महीने से वह घर भी नहीं आया है। उन्होंने कहा कि बेटे के पेपर लीक में नाम आने को लेकर कुछ नहीं जानते हैं।


# रामप्रसाद सुसाइड केस में मंत्री महेश जोशी के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. दर्ज

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 18 अप्रेल। सुभाष चौक क्षेत्र में चांदी की टकसाल पर चाय की थड़ी लगाने वाले रामप्रसाद ने सुसाइड से पहले कैबिनेट मंत्री महेश जोशी, मंदिर संचालक देवेंद्र शर्मा, ललित शर्मा, होटल शैरेटन के मालिक राकेश टांक, मुनजी टांक, देव अवस्थी, लालचंद देवनानी, हिमांशु देवनानी करीब 8 लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। सोमवार देर रात सुभाष चौक पुलिस ने इन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर परिजनों ने दूसरे दिन भी रामप्रसाद के शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया है। मंगलवार देर रात तक भी धरना जारी रहा।

मृतक राम प्रसाद मीणा (43) के भाई महावीर मीणा की शिकायत पर सुभाष चौक पुलिस ने सभी 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित महावीर का कहना है कि जब हमारे पुश्तैनी मकान पर निर्माण कार्य नगर निगम ने बंद कराया तो हम हैरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा के पास पहुंचे, तब नीलकमल ने भी मदद करने से यह कहते हुए मना कर दिया कि मेरे ऊपर जलदाय मंत्री महेश जोशी का दबाव है। इसके बाद जब हम मंत्री जोशी के पास पहुंचे तो उन्होंने भी धमकाया कि जैसा मेरे आदमी कहते हैं, वैसा करो। वहीं दूसरी ओर इस मामले में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने अपने आवास पर प्रैस वार्ता कर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि रामप्रसाद और उनके परिवार को मैं जानता तक नहीं और ना ही वह उनसे कभी मिलने आए। अगर उन्हें मुझसे कोई शिकायत थी तो मेरे पास आते। उनकी मौत की जानकारी मिली तो बहुत दु:ख हुआ। आत्महत्या करने से पहले उन्होंने मेरा नाम भी लिया है। साथ मुझ पर भी आरोप लगाया कि मैंने भी परेशान किया जो कि सरासर निराधार है। उन्होंने कहा कि मेरी गलती तब होती जब मृतक या उसके परिवार मेरे पास आते और मै उनकी मदद नहीं करता।


# आई.आई.टी. कानपुर ने तैयार किया कृत्रिम हृदय

कानपुर, 18 अप्रेल। आई.आई.टी. कानपुर के वैज्ञानिकों और हृदय रोग विशेषज्ञ ने मिलकर कृत्रिम हृदय तैयार किया है जिससे हृदय का प्रत्यारोपण हो सकेगा। के.जी.एम.यू. के 118वें स्थापना दिवस के अवसर पर आइ.आइ.टी. कानपुर के निदेशक प्रो. अभय करंदीकर ने बताया कि, 2023 में ट्रायल होने के बाद संभवत: आने वाले दो वर्षों में कृत्रिम हृदय का प्रत्यारोपण इंसानों में किया जा सकेगा।

के.जी.एम.यू. के सेल्बी हाल में गत शनिवार को 118 वर्ष पूरे होने के उपलब्ध में स्थापना दिवस समारोह किया गया। इस अवसर पर के.जी.एम.यू. के 52 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल समेत कई पुरस्कारों से नवाजा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. अभय के साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर के.जी.एम.यू. के मानसिक चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. प्रभात सिथोले, के.जी.एम.यू. कुलपति डा. बिपिन पुरी, प्रति कुलपति डा. विनीत शर्मा समेत कई चिकित्सक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि संस्थान के 10 वैज्ञानिक और चिकित्सकों की टीम ने कृत्रिम दिल तैयार किया है। आने वाले फरवरी से पहले फेस का ट्रायल शुरू किया जाएगा।

कृत्रिम हृदय का उद्देश्य शरीर में खून को सही रूप से सभी अंगों तक पहुंचाना होगा यदि कामयाबी मिलती है तो इससे प्रत्यारोपण भी किया जा सकेगा।

# 'मंत्री चोटी से पांव के अंगूठे...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

आने की बात करके चुनौती दी, तो मंगलवार को आदिवासी क्षेत्र के विधायकों ने कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा तो अशोक गहलोत ही है, आलाकमान कौन है, नया चेहरा लाने वाला। ऐसा कहकर अब इन विधायकों ने भी आलाकमान को चुनौती दे दी है। मंगलवार को आदिवासी क्षेत्र के विधायकों ने फीडबैक के बाद एक स्वर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चौथी बार मुख्यमंत्री बनाने और मुख्यमंत्री के साथ होने की बात कही। उदयपुर के धरियाद से विधायक नगराज मीणा, प्रतापगढ़ रामलाल मीणा, डूंगरपुर से गणेश घोघरा और कुशलगढ़ से निर्दलीय विधायक रमिला खड़िया ने गहलोत के साथ होने की बात कही। नगराज मीणा ने तो यहां तक कह दिया कि आलाकमान दूसरा चेहरा क्यों लाएगा ? जब अशोक गहलोत हैं और बेहतर काम कर रहे हैं। निर्दलीय विधायक रमिला खड़िया ने कहा कि वह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ हैं। कांग्रेस विधायक नगराज मीणा ने कहा कि गहलोत सरकार ने अच्छे काम किए हैं।

जनता चाहती है कि सरकार फिर कांग्रेस की बने और चौथी बार अशोक गहलोत ही मुख्यमंत्री बनेंगे। नगराज मीणा ने कहा कि गहलोत को चौथी बार मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट व्यक्तिगत राय कुछ भी रख सकते हैं, मैं उस पर नहीं जाना चाहता,लेकिन राजस्थान की सरकार ने जनता के लिए बहुत काम किया है। हर आदमी चाहता है कि मैं कुछ ना कुछ बनूं, लेकिन वह संभव नहीं है। नगराज मीणा ने कहा कि अशोक गहलोत बेहतर काम कर रहे हैं। ऐसे में आलाकमान दूसरा चेहरा क्यों लाएगा ? अशोक गहलोत के चेहरे पर ही अगला चुनाव लड़ा जाएगा। अशोक गहलोत ही राजस्थान में सरकार बना सकते हैं। वही फीडबैक कार्यक्रम के बाद हरीश चौधरी ने कहा कि फीडबैक में हमारे क्षेत्र की बात हो रही है। वही जब उनसे सचिन पायलट के अनशन और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि हर बात को बाहर आकर नहीं कहा जा सकता, लेकिन उन्होंने इतना जरूर कहा कि भाजपा शासन के दौरान भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा था।

ऐसे में हरीश चौधरी ने कहीं ना कहीं सचिन पायलट की उस बात का समर्थन कर दिया, जिसमें कि उन्होंने भाजपा शासन के भ्रष्टाचार की जांच नहीं होने पर अनशन किया था। इसी के साथ विधानसभा चुनाव में चेहरे की बात पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस चेहरे के साथ चुनाव में नहीं जाती, चेहरा कौन होगा, यह आलाकमान तय करेगा




**Lt Gen Ajai Singh, PVSM, AVSM**

**(20 Nov 1934-17 Apr 2023)**

With profound grief we announce the sad demise of Lt Gen Ajai Singh on 17 April 2023. He belonged to a respected family of Kunadi, Rajasthan.

An alumni of Mayo College, Ajmer and NDA (JSW), he was commissioned in 17 Horse (The Poona Horse) after having received the Sword of Honour of the 17th Regular Course, IMA.

An exceptionally bright officer, he attended the Tank Commanders Course in Czechoslovakia, Defence Services Staff Course,Wellington, Higher Command Course at College of Combat at Mhow and Royal College of Defence Studies in London (UK) in 1983.

Lt Gen Ajai Singh played a stellar role with Poona Horse in both 1965 and 1971 wars and was awarded 'Mentioned in Despatches'.

He commanded 17 Horse, 14(I) Armoured Brigade, 31 Armoured Division and 4 Corps. Having been at the helm of affairs during Operation Bajrang and due to his intimate knowledge of the area he was later appointed as Governor of Assam where served from 2003 to 2008.

A highly respected and popular officer, he touched the life of all those who were fortunate to have interacted with him.

**He is survived by his wife Mrs Krishna Singh, Son Mr. Sajai Singh and Daughter Mrs Shyambhavi Singh.**


**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908